CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महारानी



- श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को निर्मित कराने का श्रेय जाता है महान पितृ महारानी अहिल्याबाई होलकर को
- कई घाटों, कुंडों, मंदिरों और तालाबों का भी निर्माण कराकर महारानी ने धार्मिक दृष्टि से दी बनारस के विकास को गति

varanasi@inext.co.in

VARANASI (10 Sept) : बनारस भोलेबाबा की नगरी के रूप में वर्ल्ड फेमस है. बाबा विश्वनाथ के बिना इस नगर की कल्पना करना भी संभव नहीं है. यह सबको पता है कि काशी की सबसे अनमोल और धार्मिक धरोहर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के निर्माण का श्रेय महारानी अहिल्याबाई होलकर को है. महारानी अहिल्याबाई ही वह शख्सियत हैं जिन्होंने काशी के सबसे पौराणिक और धार्मिक मंदिर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के निर्माण का सपना देखा. जिनके आगे आज सारी दुनिया शीश झुकाती है उनके मंदिर को स्थापित कराकर बनारस का सिर ऊंचा करने वाली ऐसी महान पितृ को पितृ पक्ष के मौके पर पूरा बनारस नमन करता है.

काशी को दिये कई तोहफे

महारानी अहिल्याबाई इंदौर की

छाड़ के विरोध पर हो गया उत

varanasi@inext.co.in

VARANASI (10 Sept) : शिवपुर के बेलवरिया चांदमारी में बुधवार की शाम छेड़खानी का विरोध करने पर हंगामा हो गया. छेड़खानी करने वालों ने अपने कुछ साथियों संग मिलकर छेड़खानी का विरोध करने वाले दुकानदार और उसके परिवार पर हमला बोल दिया. उसकी दुकान को तहस नहस कर दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर एक आरोपी को अरेस्ट कर लिया.

[illegible] में मारी थी टक्कर

चांदमारी बेल[illegible] सत्यनारायण विश्वकर्मा की अंडे की दुकान है. बुधवार शाम दुकान पर इलाके के राजकुमार और भोला नशे की

मार दी. इससे लड़खड़ सहित गिर गई. दोनों के बजाय उसे पर अ शुरू कर दिया. जिसक

शिवनाराय विद्यादेवी ने पुलिस पहुंचे चांद स्पॉट से रा अन्य हमल

शोहदों

इस उत्पात शोहदों का [illegible]

RaiGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ने शुरुआत की. इनका जन्म सन् 17
काल के हाथों ने उनका शरीर 13 व
छीन लिया. लेकिन काल हमसे उ
नहीं छीन पाया क्योंकि उनकी आ
से मिलन हो गया था. कम उम्र में श
उनके पति हमेशा के लिए इनका सा
गए. इसके बाद उन्होंने धार्मिक यात्रा
की और इसी क्रम में वे काशी आ
के दौरान सन् 1780 में उन्होंने श्री
मंदिर का निर्माण कराया. इस दौरान
दशाश्वमेध घाट के पास ही रहती
अहिल्येश्वर महादेव समेत एक अ
निर्माण कराया. इसे इस वक्त अहि
नाम से जाना जाता है. इसके अ
अपने लगभग आठ साल के काशी
कई कुंडों, तालाबों, पोखरों, मंदिरो
जीर्णोद्धार भी कराया. कहा जाता है
दौरान महारानी अहिल्याबाई
विश्वनाथ मंदिर के निर्माण के बा
ने शिवलिंग की भी स्थापना
मौजूद है. मंदिर निर्माण के बाद
रणजीत सिंह ने 1853 में 1000 कि
मंदिर के शिखर को मढ़वाया

मुशील सिंह को

मधुवाडीह के अतुल कुम
कोर्ट ने MLA पर दिखा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नाम => अनन्त तिवारी

कक्षा => 9th प्रवेशिका प्रथम वर्ष

विषय => लीलावती (ज्योतिष)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant:2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कृष्णदास संस्कृत सीरीज-
१३५
***

श्रीमद्भास्कराचार्यविरचिता

लीलावती

[सिद्धान्तशिरोमणेः पाटीगणिताख्यं प्रथमं प्रकरणम्]

सान्वय-सोपपत्ति-सोदाहरण-'तत्त्वचन्द्रिका'

संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेता

सम्पादकोऽनुवादकश्च

प्रो० रामचन्द्रपाण्डेयः

अध्यक्षः ज्योतिषविभागस्य, संस्कृतविद्या-धर्मविज्ञान-संकायः

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : तृतीय, वि०सं० २०७१, सन् २०१४
मूल्य : रू० १७५.००

ISBN : 978-81-218-0266-0

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

© चौखम्बा कृष्णदास अकादमी

पो० बा० नं० १११८
के. ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन के पास)
वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२) २३३५०२०

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

के. ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पोस्ट बाक्स नं. १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : (आफिस) (०५४२) २३३३४५८
(आवास) (०५४२) २३३५०२०, २३३४०३२
Fax : 0542-2333458
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
web-site : www.chowkhmbascries.com

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
135

***

LĪLĀVATĪ

Of

ŚRĪ BHĀSKARĀCĀRYA

[First Part of Siddhānt Śiromaṇi Introduced as a PĀṬĪGAṆITA the Mathematics]

With Interpretation, Proof, Example, Illustration and 'Tattvacandrikā' Sanskrit Hindi Commentaries

By
Prof. Ramchandra Pandey
Head of the Department of Jyotish
Faculty of Sanskrit Learning and Theology
Banaras Hindu University

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
VARANASI

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Publisher : Chowkhamba Krishnadas Academy, Varanasi
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi

ISBN : 978-81-218-0266-0

© CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY

P. Box No. 1118
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Golghar (Near Maidagin)
Varanasi-221001 (India)
Phone : (0542) 2335020

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
K. 37/99, Gopal Mandir Lane
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi-221001 (India)
Phone : { Off. (0542) 2333458,
Res. (0542) 2335020, 2334032
Fax : 0542-2333458
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
web-site : www.chowkhmbaseries.com

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भूमिका

त्रिस्कन्ध ज्यौतिष शास्त्र में सिद्धान्त के अपर पर्याय के रूप में गणित शास्त्र का व्याख्यान किया गया है। वस्तुतः गणितशास्त्र एक अत्यन्त गम्भीर एवं विस्तृत शास्त्र है। यद्यपि गणित शास्त्र के बीज वैदिक साहित्य में ही विद्यमान हैं किन्तु इनका मूर्त रूप देने एवं शास्त्र को परिष्कृत कर सर्वजन सुलभ कराने का श्रेय आर्यभट-ब्रह्मगुप्त-भास्कर प्रभृति भारतीय मनीषियों को जाता है। इन आचार्यों के सत्प्रयासों से गणित को व्यावहारिक रूप प्राप्त हुआ, तथा गणित को व्यवस्थित रूप से प्रतिपादित कर पठन-पाठन योग्य बनाया गया। प्रस्तुत ग्रन्थ "लीलावती" उक्त आचार्यों द्वारा ग्रथित गणित मणिमाला की एक मणि है। जिसका समादर विद्वद् वृन्द आज भी उसी प्रकार कर रहा है जैसा पूर्वाचार्यों ने किया था। आज गणित शास्त्र को प्रारम्भिक कक्षाओं में जिस रूप से प्रस्तुत किया गया है वह प्राचीन परम्परा के पूर्णतः विपरीत है। यद्यपि आधुनिक परिपाटी एक दूरगामी महत्वपूर्ण लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुये प्रचलित की गई थी किन्तु व्यावहारिक दृष्टि से उतनी उपयोगी नहीं सिद्ध हुई जितनी अपेक्षा थी। प्राचीन परिपाटी के अन्तर्गत जो पाठ्यक्रम बनाये गये थे उनमें गणित के व्यावहारिक पक्ष को ही प्रस्तुत किया गया था।

आचार्य भास्कर द्वारा निर्मित "लीलावती" एक सुव्यस्थित प्रारम्भिक पाठ्यक्रम है। आचार्य भास्कर ने ज्यौतिष शास्त्र के प्रतिनिधि ग्रन्थ "सिद्धान्तशिरोमणि" की रचना शक १०७३ में की थी। उस समय उनकी अवस्था ३६ वर्ष की थी। इस अल्प वय में ही इस प्रकार के अद्भुत ग्रन्थ रत्न को निर्मित कर आचार्य भास्कर ज्यौतिष जगत् में भास्कर की तरह ही पूजित हुये तथा आज भी पूजित हो रहे हैं।

सिद्धान्तशिरोमणि के प्रमुख चार विभाग हैं। १—व्यक्त गणित या पाटी गणित (लीलावती), २—अव्यक्त गणित (बीजगणित), ३—गणिताध्याय, ४—गोलाध्याय। चारों विभाग ज्यौतिष-जगत् में अपनी-अपनी विशेषताओं के लिए विख्यात हैं तथा ज्यौतिष के मानक ग्रन्थ के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

सिद्धान्तशिरोमणि का प्रथम भाग पाटी गणित जो लीलावती नाम से विख्यात है, आज के परिवर्तित युग में भी अपनी प्रासङ्गिकता एवं उपयोगिता अक्षुण्ण रखे हुये हैं। आचार्य भास्कर ने इस लघु ग्रन्थ में गहन गणित शास्त्र को अत्यन्त सरस ढंग से प्रस्तुत कर गागर में सागर की उक्ति को प्रत्यक्षतः चरितार्थ किया है। इकाई आदि अङ्क स्थानों के परिचय से आरम्भ कर अङ्कपाश तक की गणित में प्रायः

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सभी प्रमुख एवं व्यावहारिक विषयों का सफलतापूर्वक समावेश किया गया है। स्वयं भास्कर ने ग्रन्थ की गरिमा को इस गर्वोक्ति के साथ प्रस्तुत किया है—

न गुणो न हरो न कृतिर्न धनः पृष्टस्तथापि दुष्टानाम्।
गर्वितगणकवटूनां पातोऽवश्यमङ्कपाशेऽस्मिन्॥

यह केवल गर्वोक्ति ही नहीं अपितु यथार्थ भी है। इस लघु ग्रन्थ में अनेक स्थल ऐसे भी हैं जहाँ केवल भास्कर के सूत्र ही सहायक होते हैं अन्यथा पाटी गणित के रीति से उन प्रश्नों को सरल करना अति दुष्कर कार्य होता। जहाँ पर इतने गूढ प्रश्नों का विवेचन है वहीं पर भास्कर की ललित पदावली स्वर्ण में सुगन्ध का कार्य करती है। लीलावती की सरस छन्दोमयी भाषा पाठकों को गणित की तरफ अनायास ही आकृष्ट करती है। गणित जैसे रूक्ष विषय को अत्यन्त सरस काव्यात्मक शैली में प्रस्तुत करना भास्कर जैसे ज्यौतिष व्याकरण साहित्य एवं दर्शन आदि शास्त्रों के मर्मज्ञ एवं रसिक विद्वान् से ही सम्भव है। गणित के कुछ उदाहरणों में भास्कर के सरस कवि हृदय का स्पन्दन स्पष्ट रूप से लक्षित होता है। शृंगार रस से ओत-प्रोत गणित के उदाहरण किसी को भी गणित की ओर बलाद् आकृष्ट करने में समर्थ हैं। इष्टकर्म के निम्नांकित उदाहरण में गणित की अपेक्षा काव्यगत भाव अधिक प्रबल हैं।

पञ्चांशोलिकुलात् कदम्बमगमत् त्र्यंशं शिलीन्ध्रं तयो-
र्विश्लेषस्त्रिगुणो मृगाक्षिकुटजं दोलायमानोऽपरः
कान्ते! केतकमालतीपरिमलप्राप्तैककालप्रिया
दूताहूत इतस्ततः भ्रमति खे भृङ्गोलि संख्यां वद।

अर्थात् भ्रमर कुल का $\frac{1}{5}$ भाग कदम्ब पर, $\frac{1}{3}$ शिलीन्ध्र पुष्प पर दोनों के अन्तर का तीन गुना ३ $\left(\frac{1}{3}-\frac{1}{5}\right)=\frac{2}{5}$ कुटज पर चले गये। हे कान्ते! १ भ्रमर केतकी और मालती नामक अपनी पुष्प प्रेयसियों द्वारा प्रेषित सुगन्ध दूती से आकृष्ट होकर कभी मालती तथा कभी केतकी की ओर आकाश में ही भ्रमण करता रहा तो कुल भ्रमरों की संख्या बताओ।

इस प्रकार अनेक उदाहरण ऐसे हैं जिनमें गणित का गाम्भीर्य, सरस काव्यमयी भाषा एवं मनमोहक शृंगारिक भाव के कारण पाठक के मन को बोझिल नहीं होने देते। आचार्य भास्कर का यह सुविचारित प्रयास है कि गणित शास्त्र को काव्यरस से संसिक्त कर प्रस्तुत किया जाय। इस सन्दर्भ में उनकी पंक्तियाँ ही प्रमाण हैं—

पाटीं सद्गणितस्य वच्मि चतुरप्रीतिप्रदां प्रस्फुटाम्।
संक्षिप्ताक्षरकोमलामलपदैर्लालित्यलीलावतीम्॥

इस ग्रन्थ को प्रमुख तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम खण्ड

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

में परिभाषा, अङ्कों के स्थान, अभिन्न-भिन्न परिकर्माष्टक, गुणकर्मादि श्रेणी व्यवहार पर्यन्त अनेक व्यवहार गणितीय सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है।

द्वितीय खण्ड में क्षेत्रव्यवहार, त्रिभुज, चतुर्भुज, अनेकभुज वृत्त आदि के फल की विधि दर्शायी गई है।

तृतीय खण्ड में खात व्यवहार से अंकपाश पर्यन्त सात व्यवहारों का सन्निवेश है।

लघु कलेवर युक्त इस ग्रन्थ में गणित के प्रायः सभी प्रारम्भिक व्यावहारिक विषयों का समावेश कर दिया गया है। जिससे यह एक पाठ्यग्रन्थ के रूप में पूर्णतः उपयुक्त है। निःसन्देह यह कहा जा सकता है कि जिस छात्र ने लीलावती को हृदयंगम कर लिया हो उसकी गणित शास्त्र में अप्रतिहत गति हो सकती है।

लीलावती में भास्कराचार्य की मौलिकता सर्वत्र लक्षित होती है। उनकी प्रखर प्रतिभा किसी नये तथ्य के अनुसन्धान में तल्लीन रहती थी। लीलावती में भी उनकी इस प्रतिभा का परिचय मिलता है। परिध्यानयन में जो सूक्ष्मता लाने का प्रयास किया है उसे आधुनिक गणितज्ञों ने भी सराहा है। व्यास और परिधि का सम्बन्ध आधुनिक गणितज्ञों ने π पाई द्वारा व्यक्त किया है। उसे भारतीय गणितज्ञों ने $\frac{२२}{७}$ से व्यक्त किया है। π पाई या $\frac{२२}{७}$ का मान दशमलव पद्धति में ३·१४३८ है। भास्कराचार्य ने इसे परिधि का स्थूल सम्बन्ध कहा है तथा सूक्ष्म परिधि साधन हेतु निम्नलिखित सूत्र दिया है—

व्यासे भनन्दाग्निहते विभक्ते
खबाणसूर्यैः परिधिः सः सूक्ष्मः ॥

अर्थात् $\frac{\text{व्यास} \times ३९२७}{१२५०}$ = सूक्ष्म परिधि

यहाँ $\frac{३९२७}{१२५०}$ का दशमलव में मान = ३·१४१६ जो π के मान से सूक्ष्म है।

इस प्रकार की विशेषताओं से इस ग्रन्थ के प्रति विदेशी विद्वान् भी आकृष्ट हुये तथा विभिन्न भाषाओं में इस ग्रन्थ का रूपान्तर हुआ। श्री फैजी का फारसी अनुवाद तथा टेलर, हेनरी और टाम्स कोल ब्रूक का अंग्रेजी अनुवाद विशेष उल्लेखनीय है।

लीलावती की लोकप्रियता और उपयोगिता के कारण इस ग्रन्थ पर भारतीय विद्वानों ने भी संस्कृत, हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में शताधिक टीकायें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लिखीं। आचार्य शंकर एवं नारायण द्वारा लिखित "क्रियाकर्मकरी" नामक संस्कृत टीका अत्यन्त महत्वपूर्ण है तथा अन्य टीकाओं से पूर्णतः भिन्न है। इनके अतिरिक्त अनेक अन्य टीकायें हैं नवीन टीकाओं का क्रम अभी भी चल रहा है। ये टीकायें इस ग्रन्थ की लोकप्रियता की परिचायिका हैं।

प्रातः स्मरणीय जगद्गुरु शंकराचार्य श्री भारती कृष्णातीर्थ महाराज ने वेद एवं गणित शास्त्र के गहन अध्ययन एवं मनन के अनन्तर जिन १६ सूत्रों एवं १३ उप सूत्रों की रचना की, वे सभी वैदिक एवं भारतीय गणित के आधार पर हैं। यद्यपि शंकराचार्य जी के सूत्र उनकी मौलिक कल्पना एवं अन्तःप्रेरणा के प्रतिफल हैं तथा जगद्गुरु शंकराचार्य जी की प्रतिभा के परिचायक हैं। ये सूत्र आज भी गणितज्ञों के लिए मार्गदर्शक हैं। इन सूत्रों में प्रदर्शित विधियाँ आर्यभट भास्कर तथा अन्य आचार्यों के विधियों में अनेक स्थलों पर साम्य है। दोनों में आधार परम्परा लगभग समान है। अतः 'समस्त भारतीय गणित शास्त्र वैदिक परम्परा से अनुप्राणित है' यह तथ्य सहर्ष स्वीकार किया जा सकता है।

आचार्य भास्कर—इस ग्रन्थ के लेखक आचार्य भास्कर का जन्म महाराष्ट्र प्रान्त में सह्याद्रि के निकट विज्जडविड नामक ग्राम में १०३६ शकाब्द में हुआ था। ये शाण्डिल्य गोत्र के ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुये थे। इनके पिता का नाम महेश्वर था तथा वे ही इनके गुरु भी थे। इन्होंने ३६ वर्ष की आयु (१०७६ शकाब्द) में सिद्धान्तशिरोमणि जैसे प्रौढ ग्रन्थ की रचना की। तथा ६९ वर्ष की आयु में (११०५ शकाब्द में) करणकुतूहल नामक ग्रन्थ की रचना की। दोनों ही ग्रन्थ भारतीय ज्यौतिष शास्त्र के मानक ग्रन्थ माने जाते हैं। वर्तमान समय में सिद्धान्तशिरोमणि केवल गणिताध्याय तथा गोलाध्याय के रूप में ही प्रसिद्ध है। इसके प्रारम्भिक दोनों भाग लीलावती और बीजगणित पृथक्-पृथक् ग्रन्थ के रूप में प्रचलित हो चुके है। जब कि ये सभी सिद्धान्तशिरोमणि के ही अङ्ग है।

आचार्य भास्कर और लीलावती के सम्बन्ध में अनेक दन्त कथायें प्रचलित हैं कुछ लोगों ने लीलावती को भास्कराचार्य की पुत्री तथा कुछ लोगों ने पत्नी कहा है। किन्तु दोनों सम्बन्धों की पुष्टि हेतु कोई पुष्ट प्रमाण कहीं देखने को नहीं मिला है। लीलावती में किये गये सम्बोधनों से ज्ञात होता है कि लीलावती भास्कराचार्य की पत्नी रही होगी। लीलावती नाम से किसी का अस्तित्व तो प्रमाणित होता है। क्योंकि लीलावती को सम्बोधित करते हुये प्रश्न पूछे गये हैं। कहीं-कहीं पर लीलावती से ही प्रश्न किये हैं। यथा—'अयि बाले लीलावति' "बाले बाल-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुरङ्गलोलनयने लीलावती प्रोच्यताम्" इस प्रकार के सम्बोधन पुत्री के लिए सम्भव नहीं है। अतः पत्नी होना ही प्रमाणित होता है। इस सन्दर्भ में भास्कराचार्य ने अपनी तरफ से कोई संकेत नहीं दिया है।

लीलावती के प्रस्तुत संस्करण में प्रयास किया गया है कि छात्रों को अत्यन्त सरल ढंग से गणित की प्रक्रिया समझाई जा सके। स्वतन्त्र रूप से भी यदि कोई जिज्ञासु लीलावती का अध्ययन करना चाहे तो यह संस्करण उसका पूर्ण रूपेण मार्ग-दर्शन करने मे सक्षम है। पूर्वाचार्यों द्वारा निर्दिष्ट विधि से सूत्रों की उपपत्ति भी दी गई है। आधुनिकता के प्रवाह में आधुनिक ग्रन्थों के आधार पर अभ्यासार्थ कुछ उदाहरण भी देने की योजना थी। प्रारम्भिक प्रकरणों में कुछ उदाहरण दिये भी गये। किन्तु ग्रन्थ की गरिमा उसके मौलिक रूप में ही सुरक्षित रहती है। यह सोचकर उक्त योजना में आकस्मिक परिवर्तन कर केवल मौलिक सूत्र और उदाहरणों को ही प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। आशान्वित हूँ पाठक गण मेरे इस प्रयास से लाभान्वित होंगे।

मैं उन आचार्यों एवं गुरुवृन्द के चरणों में श्रद्धावनत होते हुए उन्हें शतशः प्रणाम करता हूँ जिनकी ज्ञानप्रभा में लेखनकार्य में प्रवृत्त हुआ।

इस ग्रन्थ के सम्पादन एवं मुद्रण प्रति तैयार करने में मेरे शिष्य श्री देवी प्रसाद त्रिपाठी S.R.F. का अत्यधिक सहयोग प्राप्त हुआ है। इसके लिए त्रिपाठी को हृदय से आशीष प्रदान करता हूँ तथा इन्हें भी सतत लेखन कार्य में प्रवृत्त रहने की कामना करता हूँ। ग्रन्थ के मुद्रणकार्य मे मेरी प्रिय पुत्री कु० मीनाक्षी पाण्डेय का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ है। अतः इसे स्नेहसिक्त आशीष प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

ग्रन्थ के प्रकाशक कृष्णदास अकादमी के प्रबन्ध सञ्चालक श्री कमलेश कुमार गुप्त एवं चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस के निदेशक-द्वय श्री बिट्ठलदास गुप्त एवं श्री ब्रजमोहन दास गुप्त को भी हृदय से साधुवाद देता हूँ क्योंकि इन्होंने अत्यन्त व्यस्तता के क्षणों में भी मुझे प्रेरित कर तथा धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर इस कार्य को पूर्ण कराया।

अनेक व्यस्तताओं में किये गये कार्य में त्रुटि की सम्भावनायें अधिक रहती है किन्तु सज्जन लोग केवल गुणग्राही होते हैं अतः त्रुटियों का मार्जन करते हुए ग्रन्थ के गुणों का ही अवलोकन करेंगे। विद्वानों की सन्तुष्टि ही सफलता का निकष है।

२ ली.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्त में ग्रन्थ के माहात्म्य की ओर इंगित करते हुए भास्कराचार्य का उपसंहार वचन उद्धृत करता हूँ।

येषां सुजातिगुणवर्गविभूषिताङ्गी
शुद्धाखिलव्यवहृतिः खिलकण्ठसक्ता।
लीलावतीह सरसोक्तिमुदाहरन्ति
तेषां सदैव सुखसम्पदुपैति वृद्धिम्।

शम्

दीपमालिका
सं० २०४९

रामचन्द्र पाण्डेय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विषय-सूची

विषय	पृष्ठांक	विषय	पृष्ठांक
मङ्गलाचरण	१	भिन्न गुणन	३१
मुद्रा परिभाषा	१	भिन्न भागहार	३३
भार परिभाषा	२	भिन्न वर्ग	३४
भाषादिमानम्	२	परिशिष्ट	३५
दैर्घ्यमापकपरिभाषा	२	अभ्यासार्थं प्रश्न	३६
घनहस्त परिभाषा	३	लघुत्तम समापवर्त्यं	३६
यावन वाट परिभाषा	३	भिन्न योगान्तर	३७
काल परिभाषा	४	अभ्यासार्थं प्रश्न	३८
विभिन्न परिभाषा	४	मिश्रभिन्न सरलविधि	४०
वाट परिभाषा	५	कोष्ठक प्रयोग	४१
स्वर्णबाट	५	शून्य परिकर्माष्टक	४५
दैर्घ्य माप	५	व्यस्त विधि	४८
धान्य मापक पात्र	५	द्वष्ट कर्म	५२
उत्तर प्रदेश में प्रचलित प्राचीनवाट	५	अन्य प्रश्न	५५
भारतीय मुद्रा	५	शेष जाति	५६
दैर्घ्य मापक	६	विश्लेष जाति	५७
आधुनिक माप	६	संक्रमण विधि	५८
अभिन्नपरिकर्माष्टकमंगलाचरण	६	वर्गान्तरान्तर एवं राशि योग द्वारा राशिज्ञान	६०
अंकस्थान	६	वर्गयोग और राश्यन्तरादि द्वारा राशि ज्ञान	
संकलित-व्यवकलित	७	घनान्तर और राश्यान्तर ज्ञान से राशिसाधन	
गुणन सूत्र	९	घनयोग राशियोग द्वारा राशिज्ञान	६१
गुणन उदाहरण	१०	वर्ग कर्म	६१
भागहार	१२	अन्यत् सूत्र	६३
वर्ग	१३	गुण कर्म	६४
उदाहरण	१५	त्रैराशिक	७१
वर्गमूल सूत्र	१६	व्यस्त त्रैराशिक	७५
घन सूत्र	१८	पञ्चराशिकादि	७८
उदाहरण	२०	भाण्ड-प्रति भाण्डकरण	८५
अभ्यासार्थं प्रश्न	२१	मिश्र व्यवहार	८६
घनमूल सूत्र	२१	मूलधन ब्याज	
अभ्यासार्थं प्रश्न	२३	मिश्रधन ज्ञान विधि	८६
भिन्न परिकर्माष्टक समच्छेद विधि	२४	वाप्यादि पूरणकाल ज्ञान	९४
प्रभाग जाति सूत्र	२५		
भागानुबन्ध भागापवाह	२७		
भिन्न संकलित व्यवकलित	२९		

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विषय	पृष्ठांक
क्रय-विक्रय सूत्र	९५
रत्न मूल्य ज्ञान	१००
स्वर्णगणित	१०३
स्वर्ण वर्ण ज्ञान	१०५
छन्द भेद ज्ञान	११०
श्रेढी व्यवहार	११४
संकलित	११४
संकलितैक्य	११६
वर्गादि संकलित	११७
अन्त्य-मध्य-सर्वधन ज्ञान विधि	१२०
गुणोत्तर श्रेणी ज्ञान	१२०
अनुष्टुवादि वृत्त ज्ञान	१३१
क्षेत्रव्यवहार	
भुजकोटि परिभाषा	१३४
भुजकोटिकर्णज्ञान	१३४
आसन्नमूल साधन	१३७
भुज से वर्ण ज्ञान	१३९
इष्टकर्ण से भुजकोटि ज्ञान	१४२
इष्ट द्वारा भुजकोटि-कर्ण साधन	१४५
कर्ण कोटि के योग एवं भुज ज्ञान में कर्ण कोटि ज्ञान	१४७
कोटि कर्णान्तर एवं भुज द्वारा कर्ण कोटि ज्ञान	१५१
कोटि के एक देश से युक्त कर्ण और भुज द्वारा कर्ण-कोटि का ज्ञान	१५४
भुज-कोटि के योग और कर्ण ज्ञान से भुजादिज्ञान	१५६
लम्ब आबाधा साधन	१६०
अक्षक्षेत्र लक्षण	१६३
आबाधा आदिका साधन एवं क्षेत्रफल	१६३
त्रिभुज चतुर्भुज का क्षेत्रफल साधन	१६८
स्थूलत्व निरूपण	१७६
चतुर्भुज का क्षेत्रफल साधन	१७७
लम्ब-कर्ण ज्ञान	१८४
द्वितीय कर्ण ज्ञान	१८६
इष्ट कल्पना में विशेष सूत्र	१८८

विषय	पृष्ठांक
विषम चतुर्भुज का फलानयन	१९०
समलम्ब क्षेत्र के आबाधा आदि का साधन	१९१
ब्रह्मगुप्तोक्त कर्णानयन	१९६
सूची क्षेत्रोदाहरण	२०४
सङ्ख्यादि का आनयन	२०४
कर्णों के योग से अधोलम्ब साधन	२०६
लम्ब आबाधा भुज साधन	२०८
वृत्त क्षेत्र में परिधि ज्ञान	२१६
वृत्त और गोल का क्षेत्रफल साधन	२१८
प्रकारान्तर से क्षेत्रफल साधन	२२३
वृत्त के अन्तर्गत त्रिभुजादि का भुजमानानयन	२२७
स्थूल जीवासाधन	२३२
चाप साधन	२४२
खात का घनफल साधन	२५१
खात घनफल सूची घनफल	२५२
चितिका घन	२५८
क्रकच व्यवहार	२६१
राशिव्यवहार	२६४
भित्ति के साथ राशि का साधन	२६७
छाया व्यवहार	२७२
छायान्तर में सूत्र	२७६
दीप की उच्छ्रिति का साधन	२७७
प्रदीप शंक्वन्तरादि साधन	२७९
कुट्टक-प्रकरण	२८४
कुट्टक ज्ञानार्थ सूत्र	२८४
धनात्मक क्षेप में विशेष सूत्र	२९६
कुट्टक द्वारा अनेक गुण लब्धि साधन	३०४
स्थिर कुट्टक	३०५
कुट्टक का ग्रह गणित में प्रयोग	३०६
संश्लिष्ट कुट्टक	३१२
अङ्कपाश	३१४
अनियतांक अंकों का संख्या भेद ज्ञान	३२१
निर्दिष्टांक द्वारा संख्या भेद ज्ञान	
लीलावती प्रशंसा	३२४

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ श्रीः ॥

लीलावती

सान्वय-'तत्त्वचन्द्रिका'-संस्कृतहिन्दीव्याख्योपेता

—०—

मङ्गलाचरणम्

प्रीतिं भक्तजनस्य यो जनयते विघ्नं विनिघ्नन् स्मृत-
स्तं वृन्दारकवृन्दवन्दितपदं नत्वा मतङ्गाननम् ।
पाटीं सद्गणितस्य वच्मि चतुरप्रीतिप्रदां प्रस्फुटां
संक्षिप्ताक्षरकोमलामलपदैर्लालित्यलीलावतीम् ॥ १ ॥

अन्वयः—यः स्मृतः भक्तजनस्य विघ्नं विनिघ्नन् प्रीतिं जनयते, तं वृन्दारकवृन्दवन्दितपदं मतङ्गाननं नत्वा (अहं भास्कराचार्यः) चतुरप्रीतिप्रदां प्रस्फुटां संक्षिप्ताक्षरकोमलामलपदैः लालित्यलीलावतीं सद्गणितस्य पाटीं वच्मि ॥१॥

जो स्मरण करने मात्र से विघ्नों का विनाश करते हुए भक्त-जनों में अनुराग उत्पन्न करते हैं तथा देवताओं के समूह से वन्दित चरणों वाले उन गजानन श्रीगणेश जी को प्रणाम कर विद्वानों को प्रीति (प्रसन्नता) प्रदान करने वाली सुस्पष्ट, संक्षिप्त अक्षरों वाली, कोमल, निर्दोष पदों से युक्त लालित्यगुणसम्पन्न 'लीलावती' नाम से पाटी (अङ्कगणित) नामक सुन्दर व्यक्त गणित की प्रक्रिया को कह रहा हूँ ॥ १ ॥

अथ परिभाषा

मुद्रापरिभाषा

वराटकानां दशकद्वयं यत् सा काकिणी ताश्च पणश्चतस्रः ।
ते षोडश द्रम्म इहावगम्यो द्रम्मैस्तथा षोडशभिश्च निष्कः ॥२॥

अन्वयः—वराटकानां दशकद्वयं यत् सा काकिणी भवति । ताः चतस्रः पणः, ते षोडश पणाः द्रम्मः, तथा इह षोडशभिः द्रम्मैः निष्कः अवगम्यः ॥२॥

बीस वराटक (कौड़ी) की एक काकिणी, चार काकिणी का एक पण, सोलह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पण का एक द्रम्म तथा सोलह द्रम्म का १ निष्क होता है। इस प्रकार मुद्रा की परिभाषा का ज्ञान करना चाहिए ॥ २ ॥

भारपरिभाषा

तुल्या यवाभ्यां कथिताऽत्र गुञ्जा वल्लस्त्रिगुञ्जो धरणं च तेऽष्टौ।
गद्याणकस्तद्द्वयमिन्द्रतुल्यैर्वल्लैस्तथैको धटकः प्रदिष्टः ॥ ३ ॥

अन्वयः—अत्र यवाभ्यां तुल्या गुञ्जा कथिता, त्रिगुञ्जः वल्लः, तेऽष्टौ धरणं, तद्द्वयं (धरणद्वयं) गद्याणकः, तथा इन्द्रतुल्यैः वल्लैः एकः धटकः च प्रदिष्टः ॥ ३ ॥

दो यव के तुल्य १ गुञ्जा (२ यव=१ गुञ्जा), तीन गुञ्जा का एक बल्ल, आठ वल्ल का एक धरण, दो धरण का एक गद्याणक तथा चौदह वल्ल का एक धटक होता है। इस प्रकार यह परिभाषा कही गई है ॥ ३ ॥

माषादिमानम्

दशार्धगुञ्जं प्रवदन्ति माषं माषाह्वयैः षोडशभिश्च कर्षम्।
कर्षैश्चतुर्भिश्च पलं तुलाज्ञाः कर्षं सुवर्णस्य सुवर्णसंज्ञम् ॥ ४ ॥

अन्वयः—तुलाज्ञाः दशार्धगुञ्जं माषं, षोडशभिः माषाह्वयैः कर्षं, चतुर्भिः कर्षैश्च पलं प्रवदन्ति। सुवर्णस्य कर्षं सुवर्णसंज्ञं भवतीति ॥ ४ ॥

दश का आधा अर्थात् पाँच गुञ्जा का एक माषा, सोलह माषा का एक कर्ष तथा चार कर्ष का एक पल तुलामान विशेषज्ञों के अनुसार होता है। स्वर्ण के माप में कर्ष की सुवर्ण संज्ञा होती है। (अर्थात् १ कर्ष=१ सुवर्ण) ॥ ४ ॥

दैर्घ्यमापकपरिभाषा

यवोदरैरङ्गुलमष्टसंख्यैर्हस्तोऽङ्गुलैः षड्गुणितैश्चतुर्भिः।
हस्तैश्चतुर्भिर्भवतीह दण्डः क्रोशः सहस्रद्वितयेन तेषाम् ॥ ५ ॥

अन्वयः—इह अष्टसंख्यैः यवोदरैः अंगुलं, षड्गुणितैश्चतुर्भिरंगुलैः हस्तः, चतुर्भिर्हस्तैः दण्डः, तेषां सहस्रद्वितयेन च क्रोशः भवति ॥ ५ ॥

आठ यवोदर (छिलकारहित यव) का एक अंगुल, छः गुणित चार, अर्थात् २४ अंगुल का एक हाथ, चार हाथ का एक दण्ड तथा दो हजार दण्ड का एक क्रोश होता है ॥ ५ ॥

स्याद्योजनं क्रोशचतुष्टयेन तथा कराणां दशकेन वंशः।
निवर्तनं विंशतिवंशसंख्यैः क्षेत्रं चतुर्भिश्च भुजैर्निबद्धम् ॥ ६ ॥

अन्वयः—क्रोशचतुष्टयेन योजनं, तथा दशकेन कराणां वंशः, विंशतिवंशसंख्यैः चतुर्भिः भुजैः निबद्धं क्षेत्रं च निवर्तनं स्यात् ॥ ६ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चार क्रोश का एक योजन होता है। दश हाथ का एक वंश तथा २०–२० वंश की चार भुजाओं से आवृत्त चतुर्भुज क्षेत्र (२० वंश लम्बा × २० वंश चौड़ा = ४०० वर्गवंश) को निवर्त्तन कहते हैं॥ ६॥

घनहस्तादिपरिभाषा

हस्तोन्मितैर्विस्तृतिदैर्घ्यपिण्डैर्यद द्वादशास्रं घनहस्तसंज्ञम्।
धान्यादिके यद् घनहस्तमानं शास्त्रोदिता मागधखारिका सा॥ ७॥

अन्वयः—हस्तोन्मितैः विस्तृतिदैर्घ्यपिण्डैः यत् द्वादशास्रं (तत्) घनहस्तसंज्ञम् (भवति)। धान्यादिके यद् घनहस्तमानं शास्त्रोदिता मागधखारिका (भवति)॥ ७॥

एक हाथ ऊँचे, एक हाथ लम्बे तथा एक हाथ चौड़े ($१ \times १ \times १ = १^३$) बारह कोणों वाले पात्र को घनहस्त कहा जाता है। इसका उपयोग धान्य (अन्न) के माप में किया जाता है। इसी घनहस्त को मगध देश में खारी कहते हैं॥ ७॥

द्रोणस्तु खार्याः खलु षोडशांशः स्यादाढको द्रोणचतुर्थभागः।
प्रस्थश्चतुर्थांश इहाढकस्य प्रस्थांघ्रिराद्यैः कुडवः प्रदिष्टः॥ ८॥

अन्वयः—इह खलु खार्याः षोडशांशः द्रोणः, द्रोणचतुर्थभागः आढकः स्यात्। आढकस्य चतुर्थांशः प्रस्थः, प्रस्थांघ्रिः आद्यैः कुडवः प्रदिष्टः॥ ८॥

एक खारी के सोलहवें भाग ($\frac{१}{१६}$ खारी) को एक द्रोण, द्रोण के चतुर्थांश $\left(\frac{\text{द्रोण}}{४}\right)$ को आढक, आढक के चतुर्थांश $\left(\frac{\text{आढक}}{४}\right)$ को प्रस्थ तथा प्रस्थ के चतुर्थांश $\left(\frac{\text{प्रस्थ}}{४}\right)$ को कुडव पूर्वाचार्यों ने बतलाया है॥ ८॥

यावनवाटपरिभाषा

पादोनगद्याणकतुल्यटङ्कैर्द्विसप्ततुल्यैः कथितोऽत्र सेरः।
मणाभिधानं खयुगैश्च सेरैर्धान्यादितौल्येषु तुरुष्कसंज्ञा॥ ९॥

अन्वयः—अत्र द्विसप्ततुल्यैः पादोनगद्याणकतुल्यटङ्कैः सेरः कथितः खयुगैः च सेरैः मणाभिधानं (कथितम्)। धान्यादितौल्येषु (एषा) तुरुष्कसंज्ञा॥ ९॥

चतुर्थांश-रहित अर्थात् $\frac{३}{४}$ गद्याणक का एक टङ्क, बहत्तर टङ्क का एक सेर तथा ४० सेर का एक मन होता है। धान्य आदि के तौल के लिए वाटों की ये तुर्की (तुर्की में प्रचलित) संज्ञाएँ हैं॥ ९॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

द्व्यङ्केन्दु-संख्यैर्धटकैश्च सेरस्तैः पञ्चभिः स्याद्धटिका च ताभिः।
मणोऽष्टभिः 'स्वालमगीरशाह' कृताऽत्र संज्ञा निजराज्यपूर्वैः ॥१०॥

अन्वयः—द्व्यङ्केन्दुसंख्यैः धटकैः सेरः, तैः पञ्चभिः धटिका च स्यात्। ताभिः अष्टभिः मणः (स्यात्)। अत्र तु निजराज्यपूर्वैः आलमगीरशाहकृता संज्ञा (कथिता) ॥ १० ॥

१९२ धटक का १ सेर, ५ सेर की एक धटिका तथा आठ धटिका का एक मण होता है। यह परिभाषा आलमगीरशाह ने अपने राज्य के पुरुषों में प्रचलित की थी ॥ १० ॥

कालपरिभाषा

शेषाः कालादिपरिभाषा लोकतः प्रसिद्धा ज्ञेयाः ॥

शेष काल आदि की परिभाषा लोक में प्रसिद्ध व्यवहार से समझनी चाहिए। यथा—

काल की प्राचीन परिभाषा

सूची से कमलपत्र भेदनकाल = १ त्रुटि

६० त्रुटि	= १ रेणु	६० रेणु	= १ लव
६० लव	= १ लीक्षक	६० लीक्षक	= १ प्राण

स्थूल काल-परिभाषा

१ गुरु (दीर्घ) अक्षर का उच्चारण काल	= १ विपल	= $\frac{3}{4}$ सेकेण्ड
१० विपल (६० लीक्षक)	= १ प्राण	= ४ सेकेण्ड
६ प्राण	= १ पल	= २४ सेकेण्ड
६० पल	= १ घटी	= १४४० सेकेण्ड (२४ मिनट)
६० घटी	= १ अहोरात्र (नाक्षत्र)	= १४४० मिनट (२४ घण्टा)

आधुनिक काल-परिभाषा

६० सेकेण्ड = १ मिनट
६० मिनट = १ घण्टा
२४ घण्टा = १ अहोरात्र

ग्रन्थोक्त विभिन्न परिभाषा

मुद्रा—

२० कौड़ी	= १ काकिणी	४ काकिणी	= १ पण
६ पण	= १ द्रम्म	१६ द्रम्म	= १ निष्क

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिभाषा

वाट—

२ यव	= १ गुञ्जा (रत्ती)	३ गुञ्जा	= १ वल्ल
८ वल्ल	= १ धरण	२ धरण	= १ गद्याणक
१४ वल्ल	= १ धटक		

स्वर्ण वाट—

५ गुञ्जा	= १ माषा	१६ माषा	= १ कर्ष
४ कर्ष	= १ पल	स्वर्ण माप में १ कर्ष	= १ सुवर्ण

दैर्घ्यमाप—

८ यवोदर	= १ अंगुल	२४ अंगुल	= १ हाथ
४ हाथ	= १ दण्ड	२०० दण्ड	= १ क्रोश (लगभग दो मील)
४ क्रोश	= १ योजन	१० हाथ	= १ वंश

२० वंश × २० वंश = ४०० वर्गवंश = १ निवर्त्तन । (निवर्तन को बीघा भी कहा जाता है ।)

धान्यमापक पात्र—

१ घनहस्त (१ हाथ लम्बा, १ हाथ चौड़ा, १ हाथ गहरा)

१२ कोणों वाला पात्र = १ खारी (मगध देश में प्रचलित)

$\frac{1}{64}$ खारी	= १ द्रोण	$\frac{1}{4}$ द्रोण	= १ आढक
$\frac{1}{4}$ आढक	= १ प्रस्थ	$\frac{1}{4}$ प्रस्थ	= १ कुडव

वाट—

१९२ धटक	= १ सेर	५ सेर	= १ धटिका
८ धटिका	= १ मण		

उत्तर प्रदेश में प्रचलित प्राचीन वाट—

८ खस खस	= १ चावल	८ चावल	= १ रत्ती
८ रत्ती	= १ माषा	१२ माषा	= १ तोला
५ तोला	= १ छटांक	४ छटांक	= १ पाव
४ पाव	= १ सेर	४० सेर	= १ मन

भारत में प्रचलित प्राचीन मुद्रा—

४ पाई	= १ पैसा	४ पैसा	= १ आना
१६ आना	= १ रुपया		

वर्तमान मुद्रा—

१०० पैसा = १ रुपया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लम्बाई मापक इकाई—

१२ इञ्च = १ फुट ३ फुट = १ गज
२२० गज = १ फर्लांग ८ फर्लांग (१७६० गज) = १ मील

मीटरिक इकाई—

१० मिलीमीटर = १ सेन्टीमीटर
१० डेसीमीटर = १ मीटर
१० डेकामीटर = १ हेक्टोमीटर
१० सेन्टीमीटर = १ डेसीमीटर
१० मीटर = १ डेकामीटर
१० हेक्टोमीटर = १ किलोमीटर

आधुनिक वाट-माप इकाई—

१० मिलीग्राम = १ सेन्टीग्राम
१० डेसीग्राम = १ ग्राम
१० डेकाग्राम = १ हेक्टोग्राम
१० सेन्टीग्राम = १ डेसीग्राम
१० ग्राम = १ डेकाग्राम
१० हेक्टोग्राम = १ किलोग्राम = (१००० ग्राम)

तरल पदार्थों के लिए प्रचलित माप—

१० मिलीलीटर = १ सेन्टीलीटर
१० डेसीलीटर = १ लीटर
१० डेकालीटर = १ हेक्टोलीटर
१० सेन्टीलीटर = १ डेसीलीटर
१० लीटर = १ डेकालीटर
१० हेक्टोलीटर = १ किलोलीटर

भिन्नपरिकर्माष्टकम्

मङ्गलाचरणम्

लीलागललुलल्लोलकालव्यालविलासिने ।
गणेशाय नमो नीलकमलामलकान्तये ॥ १ ॥

अन्वयः—लीलागललुलल्लोलकालव्यालविलासिने (लीलया गले लुलन्तो ये लोलाश्चञ्चलाः कालव्यालास्तेषां विलासो विद्यते यस्मिन् तस्मै) (एवं) नीलकमलामलकान्तये गणेशाय नमोऽस्तु ॥ १ ॥

लीलापूर्वक गले में लटकते हुए चञ्चल कालसर्पों से सुशोभित स्वच्छ एवं नीलकमल की कान्ति से सम्पन्न श्री गणेश जी को मैं (ग्रन्थकार) नमस्कार करता हूँ ॥१॥

संख्यानां स्थानानि

एकदशशतसहस्रायुतलक्षप्रयुतकोटयः क्रमशः ।
अर्बुदमब्जं खर्वनिखर्वमहापद्मशंकवस्तस्मात् ॥ २ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जलधिश्चान्त्यं मध्यं परार्धमिति दशगुणोत्तराः संज्ञाः ।
संख्यायाः स्थानानां व्यवहारार्थं कृताः पूर्वैः ॥ ३ ॥

एक (इकाई), दश (दहाई), शत (सैकड़ा), सहस्र (हजार), अयुत (दशहजार), लक्ष (लाख), प्रयुत (दसलाख), कोटि (करोड़), अर्बुद (दशकरोड़), अब्ज (अरब), खर्ब (दश अरब), निखर्ब (खर्ब), महापद्म (दश खर्ब), शंकु (नील), जलधि (दशनील), अन्त्य पद्म, मध्य (दश पद्म), परार्ध (शङ्ख) इस प्रकार पूर्वाचार्यों ने संख्याओं के स्थानीय मान के व्यवहार हेतु दशगुणोत्तर संज्ञाएँ बतलाई हैं ॥ २, ३ ॥

इकाई	१ एक
दहाई	१० दश
सैकड़ा	१०० शत
हजार	१००० सहस्र
दश हजार	१०००० अयुत
लाख	१००००० लक्ष
दस लाख	१०००००० प्रयुत
करोड़	१००००००० कोटि
दश करोड़	१०००००००० अर्बुद
अरब	१००००००००० अब्ज
दश अरब	१०००००००००० खर्ब
खरब	१००००००००००० निखर्ब
दश खरब	१०००००००००००० महापद्म
नील	१०००००००००००००० शंकु
दशनील	१००००००००००००००० जलधि
पद्म	१०००००००००००००००० अन्त्य
दश पद्म	१०००००००००००००००००० मध्य
शंख	१००००००००००००००००००० परार्ध

संकलित-व्यवकलितयोः करणसूत्रं वृत्तार्धम्

कार्यः क्रमादुत्क्रमतोऽथ वाऽङ्कयोगो यथास्थानकमन्तरं वा ।

अन्वयः—क्रमात् अथवा उत्क्रमतः यथास्थानकं योगः कार्यः अन्तरं वा कार्यम् ॥

इकाई, दहाई आदि स्थानीय मानों के अनुसार अंकों को स्थापित कर क्रम अथवा उत्क्रम से उनका योग अथवा अन्तर करना चाहिए।

उपपत्तिः—एकस्थानीयाङ्कस्यैकस्थानीयाङ्केन सह दशस्थानीयाङ्कस्य दशस्थानीयाङ्केन सह योगान्तरे भवतः। सजातीयानामेव परस्परं संकलनं व्यवकलनं वा भवति। यथा—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$(अ+ब) \pm (२ब + ३अ) =$ $\begin{array}{r} अ+ब \\ ३अ+२ब \\ \hline \text{योग.} \quad ४अ+३ब \end{array}$ $\begin{array}{r} अ+ब \\ -३अ-२ब \\ \hline -२अ-ब \text{ अन्तरम्} \end{array}$

अन्यच्च—२८ + ८५
क्रमेण २८
८५
११३

उत्क्रमेण २८
८५
५०
१३
११३

अत्रोद्देशकः

अये बाले लीलावति मतिमति ब्रूहि सहितान्
द्विपञ्चद्वात्रिंशत्त्रिनवतिशताष्टादश दश।
शतोपेतानेतानयुतवियुतांश्चापि वद मे
यदि व्यक्ते युक्तिव्यवकलनमार्गेऽसि कुशला ॥ १ ॥

अन्वय—अये बाले मतिमति लीलावति यदि व्यक्ते युक्ति व्यवकलनमार्गे कुशला असि तदा द्विपञ्च द्वात्रिंश त्रिनवति शताष्टादश दश शतोपेतान् ब्रूहि पुनः एतान् अयुत वियुतांश्चापि मे वद ॥ १ ॥

हे बुद्धिमति बाले (सुन्दरि) लीलावति ! यदि तुम व्यक्त (अङ्क) गणित की योग और अन्तर करने की प्रक्रिया में निपुण हो तो २, ५, ३२, १९३, १८, १० एवं १०० का योग बताओ तथा योगफल को १०००० से घटाकर शेष क्या होगा ? उसे भी बतलाओ ? ॥ १ ॥

उदाहरण—२ + ५ + ३२ + १९३ + १८ + १० + १००

यहाँ २, ५ इकाई, ३२, १८, १०, दशस्थानीय तथा १९३ और १०० शत-स्थानीय अंक है। स्थानीय मान के अनुसार इनका स्थापन कर योग करना चाहिये।

यथा—०००
२
५
३२
१८
१०
१९३
१००

योगफल ३६० को दशहजार में स्थानीय मान के अनुसार घटाने पर—
१००००
३६०
शेष ९६४०

उत्तर योगफल=३६०। अन्तर=९६४०

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गुणने करणसूत्रं सार्धवृत्तद्वयम्—

गुण्यान्त्यमङ्कं गुणकेन हन्यादुत्सारितेनैवमुपान्तिमादीन् ॥ ४ ॥
गुण्यस्त्वधोऽधो गुणखण्डतुल्यस्तैः खण्डकैः संगुणितो युतो वा।
भक्तो गुणः शुध्यति येन तेन लब्ध्या च गुण्यो गुणितः फलं वा ॥५॥
द्विधा भवेद्रूपविभाग एवं स्थानैः पृथग्वा गुणितः समेतः।
इष्टोनयुक्तेन गुणेन निघ्नोऽभीष्टघ्नगुण्यान्वितवर्जितो वा ॥ ६ ॥

अन्वयः—गुण्यान्त्यमङ्कं गुणकेन हन्यात्। एवं उत्सारितेन (अग्रप्रचालितेन) उपान्तिमादीन् हन्यात् ॥ ४ ॥

वा गुणखण्डतुल्यः गुण्यः अधः अधः तैः खण्डकैः संगुणितः युतश्च कार्यस्तदा गुणनफलं भवतीति।

वा येन (अङ्केन) भक्तः (सन्) गुणः शुध्यति तेन (अङ्केन) लब्ध्या च गुण्यः गुणितस्तदा फलं स्यादिति ॥ ५ ॥

वा स्थानैः (एकादिस्थानस्थिताङ्कैः) (गुण्यः) पृथक्-पृथक् गुणितः समेतः (योगः कार्यस्तदा) फलं भवति। एवं रूपविभागः द्विधा भवेत्।

वा इष्टोनयुक्तेन गुणेन निघ्नः गुण्यः अभीष्टघ्नगुण्यान्वितवर्जितस्तदा फलं स्यादिति ॥ ६ ॥

(१) गुण्य (जिस संख्या में गुणा करना हो उस) के अन्तिम अङ्क को गुणक (जिस संख्या से गुणा करना हो उस) से गुणा कर गुणनफल को नीचे स्थापित कर पुनः अग्रिम राशियों के साथ गुणा करें। इस प्रकार गुणनफल को स्थानीय मान के अनुसार स्थापित कर योग करने से गुणनफल होता है।

(२) अथवा गुणक को कई खण्डों में विभक्त कर खण्डतुल्य स्थानों में गुण्य को रखकर गुणक के प्रत्येक खण्डों से (पृथक्-पृथक् खण्डों से) गुणा कर उनका योग करने से गुणनफल होता है।

(३) अथवा—जिस संख्या से गुणक विभक्त हो जाय उस भाजक संख्या और लब्धि दोनों से गुण्य को गुणा करने से गुणनफल होता है।

(४) अथवा—गुणक के स्थानीय मान के अनुसार खण्ड कर प्रत्येक खण्ड से गुण्य को गुणा कर गुणनफल को स्थानीय मान के अनुसार रखने से अभीष्ट गुणनफल होता है। इसप्रकार गुणक का खण्ड दो विधियों से होता है। (यथा २५ का खण्ड प्रथम विधि से २०, ५ तथा द्वितीय विधि से २, ५ हुआ।)

(५) अथवा—एक इष्ट कल्पना कर उसे गुणक में जोड़कर या घटाकर शेष से गुण्य को गुणाकर पुनः इष्टसंख्या से गुण्य को गुणा कर गुणनफल को प्रथम गुणनफल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

में क्रम से घटाने अथवा जोड़ने से अभीष्ट गुणनफल होना है। इसप्रकार गुणा करने के लिए ग्रन्थकार ने पांच विधियाँ बतलायी हैं ॥ ४-६ ॥

अत्रोद्देशकः

बाले बालकुलरङ्गलोलनयने लीलावति प्रोच्यतां
पञ्चत्र्येकमिता दिवाकरगुणा अंकाः कति स्युर्यदि ।
रूपस्थानविभागखण्डगुणने कल्याऽसि कल्याणिनि
च्छिन्नास्तेन गुणेन ते च गुणिता जाताः कति स्युर्वद ॥ १ ॥

अन्वयः—हे बाले बालकुरंगलोलनयने लीलावति ! कल्याणिनि ! यदि रूपस्थान विभागखण्डगुणने कल्याऽसि, तर्हि पञ्चत्र्येकमिताऽङ्काः दिवाकरगुणाः कति स्युः, इति प्रोच्यताम् । अथ च ते गुणिताः अङ्काः तेन गुणेन छिन्नाः (भक्ताः सन्तः) जाताः कति स्युः इति भागहार प्रश्नः ।

बाल मृग के चञ्चल नेत्रों के समान नयनों वाली हे बाले लीलावति ! यदि तुम संख्याओं के स्थान-विभाग और खण्ड गुणन की क्रियाओं में निपुण हो तो बतलाओ १३५ में १२ का गुणा करने से गुणनफल की संख्या क्या होगी ? हे कल्याणिनि ! गुणनफल को उसी गुणक से भाग देने पर कितनी लब्धि होगी उसे भी बतलाओ । २

उदाहरण—गुणा करने की प्रथम विधि—

```
  १३५   गुण्य
 × १२   गुणक
 ------
 १२
  ३६
   ६०
 ------
 १६२०   गुणनफल
```

द्वितीय विधि—गुणक १२ का दो खण्ड किया १०+२ इन दोनों खण्डों से गुणक १३५ को पृथक्-पृथक् गुणा कर योग करने से गुणनफल होगा ।

यथा—

```
  १३५        १३५        १३५०
 ×१०         × २         २७०
 ----        ----        ----
 १३५०        २७०        १६२०   गुणनफल
```

तृतीय विधि—गुणक १२ को २ से भाग देने पर पूर्ण विभक्त हो गया तथा लब्धि ६ प्राप्त हुई । अतः २ और ६ से गुण्यसंख्या को गुणा किया—

१३५ × २ = २७० × ६ = १६२० गुणनफल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चतुर्थविधि— गुणक १२ का स्थानीय मान के अनुसार १।२ दो भाग किया दोनों से गुणाकर स्थानीय मान के अनुसार रखकर जोड़ने से गुणनफल होगा।

१३५ × १ = १३५

१३५ × २ = २७०

स्थानीय मान के अनुसार	१३५
दशस्थानीय १ के गुणनफल को एक स्थान	२७०
पीछे तथा इकाई २ के गुणनफल को एक	१६२० गुणनफल

स्थान आगे रखकर योग किया।

पञ्चम विधि—

१—इष्ट २ कल्पना किया तथा गुणक से २ को घटाकर शेष १० से गुणा किया— १३५ × १० = १३५०

पुनः इष्ट से गुणा किया—१३५ × २ = २७०

दोनों गुणनफलों का योग

१३५०
२७०
१६२० गुणनफल

२— गुणक १२ + २इष्ट = १४

१३५ × १४ = १८९०

१३५ × २ = २७०

दोनों का अन्तर १८९० − २७० = १६२० गुणनफल

उपपत्तिः—(१) कस्याश्चित् संख्यायाः गुणकतुल्यावृत्त्या योगः गुणनफलं भवति।

अ × ३ = (अ + अ + अ) = ३ अ २ × ३ = (२ + २ + २) =

६ प्रथम : प्रकारः उपपन्नः।

(२) गुणकस्य खण्डतुल्यस्थानेषु गुण्यस्य पृथक्-पृथक् योगं विधाय पुनः योगयोः योगानां वा योगः गुणनफलमिति। गुण्यः = य, गुणकः = र

र = (प + फ)

य × र = य (प + फ) = य प + य फ उपपन्नम्।

(३) येन भक्तः गुणकः शुध्यति तेन लब्ध्या च गुणितो गुण्यः गुणनफलं भवति।

यतो हि भाजकः × लब्धिः = भाज्यः। यथा— गुण्यः क, गुणकः य

यदि $\frac{य}{र} = ल$

तदा य = र × ल

अतः क × य = क (र × ल) = क र × क ल उपपन्नम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(४) स्थानीय मानेन गुणकखण्डेन गुणितस्य पृथक्-पृथक् गुण्यस्य योगः गुणनफलं भवति।

गुण्यः=अ गुणकः=ब+स

ब=(१०), स=१

अ×(ब+स)=अ ब+अ स=गुणनफलम् उपपन्नम्।

(५) गुण्यः=य, गुणकः=र इष्टम्=ल

र=(र+ल-ल)=(र-ल+ल)

य×र=य (र+ल-ल)=य (र-ल+ल)=

(य र+य ल)-य ल=(य र-य ल)+य ल=गुणनफलम् उपपन्नम्।

भागहारे करणसूत्रं वृत्तम्

भाज्याद्धरः शुध्यति यद्गुणः स्यादन्त्यात् फलं तत् खलु भागहारे।
समेन केनाप्यपवर्त्य हारभाज्यौ भजेद्वा सति सम्भवे तु॥ ७॥

अन्वयः—अन्त्याद् भाज्यात् हरः यद्गुणः शुध्यति तत् खलु भागहारे फलं स्यात्। वा सम्भवे सति हारभाज्यौ केनापि समेन (अङ्केन) अपवर्त्य भजेत् तदा फलं स्यात्॥ ७॥

(जिस संख्या में भाग दिया जाता है उसे भाज्य तथा जिस संख्या से भाग दिया जाता है उसे हर या भाजक कहते हैं।) भागहार (भाग की प्रक्रिया) में भाज्य के अन्तिम अंक तक हर का जिस संख्या के साथ गुणनफल घट जाय वह संख्या फल या लब्धि होती है। सम्भव होने पर भाज्य और हार को किसी एक संख्या से अपवर्तित कर शेष भाज्य में हार का भाग देने से लब्धि होती है॥ ७॥

उपपत्तिः—हरेण भक्तस्य भाज्यस्य फलं हरस्य गुणको भवति।

हरः × फलम्=भाज्यः

$$\text{फलम्} = \frac{\text{भाज्यः}}{\text{हरः}}$$

अतो हरस्य यद्गुणः शुध्यति तदेव फलमित्युपपन्नम्।

एकेनाङ्केनापवर्तितयोः भाज्यहरयोः फलमपि समानमेव भवति।

उदाहरणम्—(१) भाज्यः १६२० हारः १२

$$\frac{१६२०}{१२} = \frac{१६२०}{१२}$$

१२) १६२० (१३५
१२
४२
३६
६०
६०
×

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भाज्य १६२० के अन्तिम अङ्क शून्य तक १२ और १३५ का गुणनफल घट रहा है अतः फल (लब्धि)=१३५

(२) $\frac{१६२०}{१२}$ भाज्य और हार दोनों को ६ से अपवर्तित करने पर लब्धि= $\frac{२७०}{२}$ अतः अपवर्तित भाज्य २७० में हार २ का भाग दिया ।

२) २७० (१३५
२
७
६
१०
१०
×

लब्धिः=१३५

वर्ग करणसूत्रम्

समद्विघातः कृतिरुच्यतेऽथ स्थाप्योऽन्त्यवर्गो द्विगुणान्त्यनिघ्नाः ।
स्वस्वोपरिष्टाच्च तथाऽपरेऽङ्कास्त्यक्त्वाऽन्त्यमुत्सार्य पुनश्च राशिम् ॥
खण्डद्वयस्याभिहतिर्द्विनिघ्नी तत्खण्डवर्गैक्ययुता कृतिर्वा ।
इष्टोनयुग्राशिवधः कृतिः स्यादिष्टस्य वर्गेण समन्वितो वा ॥ ६ ॥

अन्वयः—समद्विघातः कृतिः उच्यते । इति प्रथमः प्रकारः । अथ अन्त्यवर्गः स्थाप्यः, तथा परे (अङ्काः) द्विगुणान्त्यनिघ्नाः स्वस्वोपरिष्टात् स्थाप्याः । अन्त्यं त्यक्त्वा राशिमुत्सार्य पुनः क्रिया कार्या, तदा कृतिः स्यादिति द्वितीयः प्रकारः । वा खण्डद्वयस्याभिहतिः द्विनिघ्नी तत्खण्डवर्गैक्ययुता कृतिः स्यादिति तृतीयः प्रकारः । वा इष्टोनयुग्राशिवधः इष्टस्य वर्गेण समन्वितस्तदा कृतिः स्यादिति चतुर्थः प्रकारः ॥

(१) समान दो अकों के घात को वर्ग कहते हैं ।

(२) (यदि एकाधिक अङ्कों का वर्ग करना हो तो) अन्तिम संख्या के वर्ग को स्थापित कर पुनः अन्तिम अङ्क को द्विगुणित कर उससे अग्रिम अङ्कों को गुणा कर तत्तद अङ्कों के ऊपर रखें । पुनः उस अङ्क को छोड़कर उसके बाद वाले अङ्क का वर्ग स्थापित कर उसके दूने से अग्रिम अङ्कों को गुणित करना चाहिए । बार-बार इसी प्रकार क्रिया कर अङ्कों का योग करने से अभीष्ट संख्या का वर्ग होता है ।

(३) अभीष्ट संख्या का दो खण्ड कर दोनों के गुणनफल को द्विगुणित कर गुणनफल में दोनों खण्डों के वर्गों को जोड़ने से वर्ग होता है ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(४) अभीष्ट संख्या में कल्पित इष्ट संख्या को जोड़कर तथा घटाकर दोनों का गुणा कर गुणनफल में इष्ट संख्या का वर्ग जोड़ने से अभीष्ट वर्ग होता है।

यथा—(१) प्रथम विधि—

$(१२५)^२ = १२५ \times १२५ = १५६२५$

(२) द्वितीय विधि—

$(१२५)^२ =$

१२५
१
०४
१०
४
२०
२५
१५६२५ वर्गः।

(३) तृतीय विधि—

$(१२५)^२ = १०० + २५$ (खण्ड द्वय)

$१०० \times २५ = २५००$ गुणनफल

$२५०० \times २ = ५०००$ द्विगुणित गुणनफल

$(१००)^२ = १००००$

$(२५)^२ =$ ६२५

१०६२५ वर्ग योग

गुणनफल ५००० + वर्ग योग (१०६२५)

$= १५६२५ =$ वर्ग

चौथी विधि—

$(१२५)^२ =$ यहाँ इष्ट कल्पना किया ५

अतः १२५ + ५ = १३०

१२५ − ५ = १२०

१३० × १२० = १५६००

इष्ट$^२ = (५)^२ = (५ \times ५) = २५$

१५६०० + २५ = १५६२५

उपपत्तिः—(१) समद्विघातः कृतिरिति परिभाषया $अ \times अ = अ^२$ इति सिद्धम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(२) स्थाप्योऽन्त्यवर्गः इत्यादिना $क+ख+ग^2$ = प्रथम रीत्या गुणनरीत्या वा

$(क+ख+ग)(क+ख+ग) = क^2 + कख + कग$

$ख^2 + कख + गख$

$ग^2 + कग + गख$

योगे कृते $क^2 + २ कख + २ कग + ख^2 + २ ग ख + ग^2$

अत उपपन्नः द्वितीयः प्रकारः ।

(३) खण्डद्वयस्याभिहतिरिति ।

$(क+ख) =$ एको राशिः । अस्य खण्डद्वयम् $= (क) + (ख)$

$२[(क)\times(ख)] = २ कख$

$(क)^2 = क\times क = क^2$, $(ख)^2 = ख\times ख = ख^2$

त्रयाणां योगः $२ कख + क^2 + ख^2$

उपपन्नः तृतीयः प्रकारः

(४) इष्टोनयुग्राशिवध इति

अत्र राशिः $= (क+ख)$, इष्टम् $= ख$, $(क+ख)+ख$, $(क+ख)-ख$

$[(क+ख+ख)(क+ख-ख)]$

$= [(क+२ख)(क)] = क^2 + २ख क$

इष्टस्य वर्गः $(ख)^2 = ख\times ख = ख^2$

उभयोर्योगः $क^2 + २कख + ख^2$

उपपन्नश्चतुर्थः प्रकारः

अत्रोद्देशकः ।

सखे नवानां च चतुर्दशानां त्रूहि त्रिहीनस्य शतत्रयस्य ।
पञ्चोत्तरस्याप्ययुतस्य वर्गं जानासि चेद्वर्गविधानमार्गम् ॥१॥

अन्वयः—सखे चेत् वर्गविधानं मार्गं जानासि तदा नवानां चतुर्दशानां त्रिहीनस्य शतत्रयस्य, पञ्चोत्तरस्याप्ययुतस्य वर्गं त्रूहि ॥ १ ॥

हे मित्र यदि तुम वर्गविधि की प्रक्रिया को जानते हो तो ९, १४, तीन कम तीन सौ (२९७) तथा १००० ५ का वर्ग बताओ ।

उदाहरण—$९\times९ = ८१$ । $१४\times१४ = १९६$ (प्रथम विधि)

(२) $(२९७)^2 = ४$

३६

२८

८१

१२६

४९

८८२०९

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$(१०००५)^२ = १०००१०००५$

अभ्यासार्थ उदाहरण

(१) ७, ९, ११, १२, १६, २५ का प्रथम रीति से वर्ग ज्ञात करो।

(२) १३५, १४८, २२५, ३३५ का द्वितीय एवं तृतीय विधि से वर्ग ज्ञात करो।

(३) ४५, ३६, ५६, ६८ का चतुर्थ रीति से वर्ग ज्ञात करो।

वर्गमूले सूत्रम्

त्यक्त्वाऽन्त्याद्विषमात्कृतिं द्विगुणयेन्मूलं समे तद्धृते
त्यक्त्वा लब्धकृतिं तदाद्यविषमाल्लब्धं द्विनिघ्नं न्यसेत्।
पङ्क्त्यां पंक्तिहृते समेऽन्यविषमात् त्यक्त्वाऽऽप्तवर्गं फलं
पंक्त्यां तद्द्विगुणं न्यसेदिति मुहुः पंक्तेर्दलं स्यात् पदम् ॥१०॥

अवयः—अन्त्यात् विषमात् कृतिं त्यक्त्वा मूलं द्विगुणयेत्, तद्धृते समे लब्धकृतिं तदाद्यविषमात् त्यक्त्वा लब्धं द्विनिघ्नं पंक्त्यां न्यसेत्। समे पंक्तिहृते अन्यविषमात् आप्तवर्गं फलं त्यक्त्वा तद्द्विगुणं पंक्त्यां न्यसेत् इति मुहुः क्रिया कार्या, तदा पंक्तेः दलं पदं स्यात्॥ १०॥

(जिस संख्या का वर्गमूल अपेक्षित हो उसके प्रत्येक अंक पर वामाभिमुख विषम। एवं सम—का चिह्न लगा लेना चाहिये।)

अन्तिम विषम संख्या में जिस संख्या का वर्ग घट सके उसे घटाकर मूल को द्विगुणित कर अग्रिम सम संख्या में भाग दें। लब्धि के वर्ग को अग्रिम विषम संख्या में घटावे। पुनः लब्धि को द्विगुणित कर पार्श्व स्थित पक्ति में रखें। पंक्तिस्थ संख्या से अग्रिम सम संख्या में भाग दे तथा विषम संख्या में लब्धि का वर्ग घटायें पुनः लब्धि को द्विगुणित कर पंक्ति में रखें। इस प्रकार बार-बार क्रिया करने पर अन्तिम पंक्तिस्थ संख्या का आधा वर्ग मूल होता है।

उपपत्तिः—

त्यक्त्वान्त्याद् इति सूत्रं स्थाप्योन्त्यवर्गः इति वर्गसूत्रस्य विपरीतम्। यथा $क^२ + २ कख + ख^२$ अत्रान्तिमस्य वर्गं विशोध्य द्विगुणितेन मूलेन भक्ते तथा लब्धे वर्गविशोधनेन क्रियासिद्धिः। अर्थात् $क + ख$ इति अवशिष्यते। उपपन्नं सूत्रम्।

अत्रोद्देशकः

मूलं चतुर्णां च तथा नवानां पूर्वे कृतानां च सखे कृतीनाम्।
पृथक् पृथग्वर्गपदानि विद्धि बुद्धेर्विवृद्धिर्यदि तेऽत्र जाता ॥ ११ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे मित्र यदि तुम्हारी बुद्धि इस वर्गमूल क्रिया में विकसित हो चुकी है तो ४, ९ तथा पूर्व उदाहरण में किये गये वर्गों के पृथक् पृथक्-वर्गमूल बताओ। अर्थात् ४, ९, ८१, १९६, ८८२०९ तथा १००१०००५ का वर्गमूल बताओ।

उदाहरण—$\sqrt{४} = २$, $\sqrt{९} = ३$, $\sqrt{८१} = ९$

$\sqrt{१९६} = १४$, $\sqrt{८८२०९} = २९७$

$\sqrt{१००१०००५} = १०००५$

आनयन विधिः—

(१) २ × २ = ४ $\sqrt{४}$ = २ (२) ३ × ३ $\sqrt{९}$ = ३

$$\begin{array}{r} २ \\ \hline ४ \\ \hline × \end{array} \qquad \begin{array}{r} ३ \\ \hline ९ \\ \hline × \end{array}$$

(३) $\sqrt{१९६}$

१×२=२
१४×२=२८

$$\begin{array}{r|l} & १४ \\ \hline & १\,९\,६ \\ & १ \\ \hline & ९ \\ & ८ \\ \hline \sqrt{} & १६ \\ & १६ \\ \hline & × \end{array}$$

मूलम् = १४

प्रस्तुत उदाहरण में ६ विषम ९ सम तथा १ विषम है। अन्तिम विषम संख्या १ में १ का वर्ग घटाया। मूल १ को २ से गुणा कर अग्रिम सम संख्या ९ में भाग देने से लब्धि ४ आयी तथा शेष १ रहा। अग्रिम विषम संख्या ६ को नीचे रखने से १६ संख्या हुई उसमें लब्धि ४ का वर्ग १६ घटाने से निःशेष हो गया। पुनः १४ को दो से गुणा कर २८ को पंक्ति में रखा, २८ का आधा अथवा ऊपर की लब्धि = १४ वर्गमूल हुआ। अभ्यासार्थ दूसरा उदाहरण—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$\sqrt{८८२०९}$ = २९७

२×२=४ | ।–। –।
९×९=८१ | ८ ८ २ ०९
२९×२=५८ | ४
७×७=४९ | ४८
३६
१२२
८१
४१०
४०६
४९
४९
×

मूल=२९७

अभ्यासार्थ प्रश्न—

(१) ३२४, ६२५, १२२५, २०२५, १५३७६; २१०२५; ६००२५, १२६०२५ इनका वर्गमूल ज्ञात करो।

(२) १३८, २४४, ३०१, ३५०, ५०२, ५२५, ६२७, ५२८ इन संख्याओं का वर्ग ज्ञात कर पुनः वर्गमूल ज्ञात करो।

(३) किसी वर्गाकार क्षेत्र की एक भुजा ३५ मीटर है तो क्षेत्रफल ज्ञात करो।

(४) एक वर्गाकार चरागाह का क्षेत्रफल १५६२५ वर्ग मीटर है तो उसकी भुजाओं का माप बताओ।

घनसाधनम्

घने करणसूत्रं वृत्तत्रयम्

समत्रिघातश्च घनः प्रदिष्टः स्थाप्यो घनोऽन्त्यस्य ततोऽन्त्यवर्गः।
आदिस्त्रिनिघ्नस्तत आदिवर्गस्त्र्यन्त्याहतोऽथादिघनश्च सर्वे ॥११॥
स्थानान्तरत्वेन युता घनः स्यात् प्रकल्प्य तत्खण्डयुगं ततोऽन्त्यम्।
एवं मुहुर्वर्गघनप्रसिद्धावाद्याङ्कतो वा विधिरेष कार्यः ॥१२॥
खण्डाभ्यां वा हतो राशिस्त्रिघ्नः खण्डघनैक्ययुक्।
वर्गमूलघनः स्वघ्नो वर्गराशेर्घनो भवेत् ॥१३॥

समान तीन अङ्कों के घात को घन कहा गया है। अर्थात् जिस संख्या का घन अभीष्ट हो उसी संख्या को तीन बार गुणा करने से घन होता है (१)।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(२) (एकाधिक अङ्कों वाली संख्या के लिए द्वितीय विधि)—अन्तिम अङ्क का घन स्थापित कर पुनः उस अन्तिम संख्या के वर्ग से तथा ३ से अग्रिम संख्याओं को गुणा करें। पुनः आदि अङ्क के वर्ग से एवं ३ से अन्तिम संख्या को गुणा कर स्थान क्रम से लिखें। पुनः अग्रिम संख्या का घन स्थापित करें। स्थानान्तर क्रम से सभी संख्याओं (गुणनफलों) का योग करने से घन होता है। अनन्तर दोनों खण्डों को अन्तिम संख्या मान कर अग्रिम (आदि) संख्या के साथ बार-बार पूर्वोक्त क्रिया करने से बड़ी से बड़ी संख्याओं का घन आ जायेगा।

(३) अभीष्ट संख्या का दो खण्ड कर दोनों खण्डों से अभीष्ट राशि को गुणा कर पुनः ३ से गुणाकर गुणनफल में दोनों खण्डों के घनों का योग करने से घन होता है।

(४) किसी वर्गात्मक संख्या का घन ज्ञात करना हो तो संख्या के वर्गमूल का घन निकाल कर पुनः उसका वर्ग करने से घन होता है ॥ ११-१३ ॥

उपपत्तिः— १. $(अ)^3 = अ \times अ \times अ = अ^3$

अनेन समत्रिघात उपपन्नः।

२. राशिः $= (अ+ब)^3 = (अ+ब)(अ+ब)(अ+ब)$

$= (अ^2 + अब + अब + ब^2)\ अ + ब$

$= अ^3 + अ^2ब + अ^2ब + अब^2 + अ^2ब + अब^2 + अब^2 + ब^3$

योगे कृते—$अ^3 + ३\ अ^2\ ब + ३\ अ\ ब^2 + ब^3$

स्थाप्यो घनोऽन्त्यस्य इत्यादिद्वितीयः प्रकार उपपन्नः।

३. राशिः $= (अ+ब)$। अस्य खण्डद्वयम् $(अ) + (ब)$

$[\ \{\ (अ+ब)\ अ\ \}\ ब\ ]\ ३ = [\ \{अ^2 + अ\ ब\}\ ब\ ]\ ३$

$= [\ अ^2ब + अ\ ब^2\ ]\ ३$

$= ३\ अ^2\ ब + ३\ अ\ ब^2$

खण्डयोर्घनाभ्यां युक्ते सति—$(अ)^3 = अ \times अ \times अ = अ^3$

$(ब)^3 = ब \times ब \times ब = ब^3$

$अ^3 + ३\ अ\ ब^2\ ब + ३\ अ\ ब^2 + ब^3$

खण्डभ्यां वा हतो राशिरित्यादि तृतीयः प्रकार उपपन्नः।

४. राशिः $= (अ^2)$ अस्य घनम् $= (अ^2)^3$

अस्य मूलम् $\sqrt{अ^2} = अ$। मूलस्य घनम् $= अ \times अ \times अ = अ^3$

घनस्य वर्ग $= (अ^3) \times (अ^3) = अ^6$ उपपन्नम्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकारान्तरेण—$(अ^२)^३ = अ^२ \times अ^२ \times अ^२ = अ^६$

$= (\sqrt{अ^२})^३ = (अ)^३$ अस्य वर्गः $= अ^६$

उपपन्नश्चतुर्थः प्रकारः ।

अत्रोद्देशकः—

नवघनं त्रिघनस्य घनं तथा कथय पञ्च घनस्य घनं च मे ।
घनपदं च ततोऽपि घनात् सखे यदि घनेऽस्ति घना भवतो मतिः ॥१॥

हे सखे ! यदि तुम्हारी बुद्धि घन विधि में घन (तीक्ष्ण) है तो ९ का घन, तीन के घन (अर्थात् २७) का घन तथा पाँच के घन (१२५) का घन मुझे बतलाओ । उन घन संख्याओं से उनका घनमूल भी ज्ञात करो ।

उदाहरण—९, २७, १२५ का घन ज्ञात करो ।

प्रथम विधि—१. $९ \times ९ \times ९ = ७२९$

२. $२७ \times २७ \times २७ = १९६८३$

३. $१२५ \times १२५ \times १२५ = १९५३१२५$

जिस संख्या का घन करना हो उस संख्या का तीन बार गुणा करने से घन होता है ।

द्वितीय विधि—(बड़ी संख्याओं के लिए)

	१२५
प्रथम संख्या १ का घन	१
अन्तिम $(१)^२ \times २ \times ३ = ६$	×६
आदि $(२)^२ = ४ \times १ \times ३ =$	१२
अन्त्य $(२)^३ = २ \times २ \times २ = ८$	×८
अन्त्य $(१२)^२ = १४४ \times ५ \times ३ = २१६०$	२१६०
आदि $(५)^२ = २५ \times १२ \times ३ = ९००$	९००
$(५)^३ = ५ \times ५ \times ५ = १२५$	१२५
स्थानान्तर क्रम से योग=	१९५३१२५

अभीष्ट घन = १९५३१२५

तृतीय विधि—२७ का घन ज्ञात करना है । २७ का दो खण्ड २० + ७ किया दोनों खण्डों को २७ से गुणा किया—

$(२७ \times २०) ७ = ५४० \times ७ = ३७८०$

गुणनफल को ३ से गुणा किया $= ३७८० \times ३ = ११३४०$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दोनों खण्डों के घनों के योग गुणनफल में जोड़ने से—

$(२०)^३ = २०\times२०\times२० = ८०००$

$(७)^३ = ७\times७\times७ = \underline{\quad ३४३ \quad}$

८३४३

११३४० + ८३४३ = १९६८३ अभीष्ट घन।

चतुर्थ विधि—वर्गात्मक राशि का घन ज्ञात करना है। राशि = २५

२५ का वर्गमूल = $\sqrt{२५} = ५$

$(५)^३ = ५\times५\times५ = १२५$

$(१२५)^२ = १२५\times१२५ = १५६२५$

अतः २५ का घन = १५६२५

अभ्यासार्थ प्रश्न—

१. प्रथम विधि से घन ज्ञात करो—

३, ५, ७, ८, ११, १५, २०, २२, ३८, ३९, ४५, ५५।

२. द्वितीय विधि से घन ज्ञात करो—

११५, २२५, १३५, ३१५, ५४५, ३४२, ७१५, ३२४३।

३. तृतीय विधि से घन ज्ञात करो—

२६, २८, ३२, ४४, ४६, ६५, ७५, ८२, १४५, २२५।

४. चतुर्थ विधि से घन ज्ञात करो—

९, १६, २५, १४४, १६९, २२५, ५२९, ७२९, १२२५, २७०४।

५. किसी एक विधि से घन ज्ञात करो—

२; ४, ६, ८, १०, १४, १६, २५, ३६, ४९, ६४, ८१, २२२, ३३३, २०५, ३०३, ४१५, ३२८, २९५, ४२८।

घनमूलसाधने सूत्रम्

आद्यं घनस्थानमथाधने द्वे पुनस्तथाऽन्त्याद् घनतो विशोध्य।
घनं पृथक्स्थं पदमस्य कृत्या त्रिघ्न्या तदाद्यं विभजेत् फलं तु॥
पङ्क्त्यां न्यसेत् तत्कृतिमन्त्यनिघ्नीं त्रिघ्नीं त्यजेत् तत्प्रथमात् फलस्य।
घनं तदाद्यात् घनमूलमेवं पंक्तिर्भवेदेवमतः पुनश्च॥ १५॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अभीष्ट संख्या में आद्य अङ्क (इकाई) से आरम्भ कर दहाई की (बायें) तरफ एक संख्या पर घन तथा दो संख्याओं पर अघन चिह्न लगावें। अन्तिम घन संख्या में जितने का घन घट सके घटावें। जिस संख्या का घन घटे उसे पृथक् रख कर उसके वर्ग को तीन से गुणाकर गुणन फल से अग्रिम अघन संख्याओं में भाग दें। लब्धि को पंक्ति में रखकर ३ और अंतिम अंक से गुणाकर गुणनफल को अघन की दूसरी संख्या में घटावें। पुनः लब्धि के घन को अग्रिम घन संख्या में घटाने से (ऊपर स्थित संख्या) घनमूल होती है। यदि आगे और भी अङ्क हों तो पूर्ववत् क्रिया करते रहने से अभीष्ट घनमूल आ जायेगा। १५।

यथा—१५६२५ का घनमूल निकालना है।

अतः ५ के ऊपर घन (।), २ और ६ पर (—) अघन, ५ पर घन तथा १ पर अघन चिह्न लगाया। इस प्रकार २ घन संख्या हुई अतः घनमूल भी दो अङ्कों वाली संख्या होगी। आगे की प्रक्रिया इस प्रकार—

अन्तिम घन १५ में २ का घन घटाया २×२×२=८
घनमूल $(२)^{२}=४\times३=१२$

	२५
	१५६२५
	८
	७६
	६०
	१६२
	१५०
	१२५
३	१२५
√	×

अग्रिम अघन को उतारने से शेष ७६ में १२ का भाग देने से लब्धि ६ आयेगी किन्तु आगे की क्रिया अवरुद्ध हो जायेगी अतः लब्धि ५ लिया। १२×५=६० को घटाने से शेष १६, अघन उतारने से १६२ आया। इसमें लब्धि के वर्ग को ३ से तथा अन्तिम घनमूल २ से गुणा कर गुणनफल [$(५)^{२}=२५\times३\times२=१५०$] को घटाने से शेष १२ रहा। अन्तिम घन ५ को उतारने से १२५ आया। लब्धि ५ का घन (५×५×५=१२५) घटाने से संख्या निःशेष हो गई। अतः ऊपर स्थित २५ अभीष्ट घनमूल हुआ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपपत्तिः—आद्यं घनस्थानमित्यादिसूत्रस्थगः $\frac{१}{३}$, एतान् तुल्यहारान् योगार्थं सूत्राद् विपरीतक्रमेण सिध्यति। यथा—

$(क+ख)^३ = क^३ + ३(क^२ \times ख) + ३(ख^२ \times क) + ख^३$ ...नौ समच्छेदौ वद।

$= क^३ + ३क^२ ख + ३ख^२ क + ख^३$

अत्र $ख^३$, $क^३$ क्रमेण घनस्थाने, एवमेव $३ ख^२ क$, $३ क^२ ख$ क्रमेणं...र्णों को, तथा ...स्थाने स्तः। अघनस्थाने मूलमादित्रिनिघ्नं तथा च मूलं त्र्यन्त्याहतमेव ति... अतो विपरीतमेव मूलसूत्रमुपपन्नम्।

प्रतीत्यर्थं घनमूलं प्रदर्श्यते—

$(क)^३ = क^३$
$३(क^२) = ३क^२$
$(ख)^२ = ख^२ \times क \times ३$
$(ख)^३ = ख \times ख \times ख = ख^३$

$क^३ + ३क^२ ख + ३ख^२ क + ख^३ \mid क+ख$

$क^३$

$\times$

$३ क^२ ख$

$३ क^२ ख$

$३ ख^२ क$

$३ ख^२ क$

$ख^३$

$ख^३$

$\times$

क्रियावैपरीत्येन क+ख घनमूलमिति, सूत्रमुपपन्नम्।

विशेष—घनमूल निकालने का आधुनिक नियम गुणनखण्ड पर आधारित है। किसी भी घनात्मक संख्या का गुणन खण्ड निकालकर ३ अंकों का समूह बनावें। प्रत्येक समूह के एक-एक अंकों का गुणनफल अभीष्ट घनमूल होता है। यथा—

$\sqrt[३]{२७} = \frac{३ \times ३ \times ३}{३} = ३$ घनमूल

$\sqrt[३]{७२९} = \frac{३ \times ३ \times ३}{३} \times \frac{३ \times ३ \times ३}{३} = ३ \times ३ = ९$ घनमूल

$\sqrt[३]{१७२८} = \frac{२ \times २ \times २}{२} \times \frac{२ \times २ \times २}{२} \times \frac{३ \times ३ \times ३}{३} = २ \times २ \times ३ = १२$ घनमूल

अभ्यासार्थ प्रश्न

घनमूल निकालो—

१. ७२९, १७२८, ३३७५, १०१४८, ४२८७५, ५४८७२, ७९३०७।

२. १९५३१२५, २४६०३७५, १४७०६१२५।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अभीष्ट संख्या में आद्य अङ्क (इकाई) से आरम्भ कर दहाई की (बायें) तरफ एक संख्या पर घन तथा दो संख्याओं पर अघन चिह्न लगावें। अन्तिम घन संख्या में जितने का घन घट सके घटावें। जिस संख्या का घन घटे उसे पृथक् रख कर उसके वर्ग को तीन से गुणाकर गुणन फल से अग्रिम अघन संख्याओं में भाग दें। लब्धि को पंक्ति में रखकर ३ और अंतिम अंक से गुणाकर गुणनफल को अघन की दूसरी संख्या में घटावें। पुनः लब्धि के घन को अग्रिम घन संख्या में घटाने से (ऊपर स्थित संख्या) घनमूल होती है। यदि आगे और भी अङ्क हों तो पूर्ववत् क्रिया करते रहने से अभीष्ट घनमूल आ जायेगा। १५।

यथा—१५६२५ का घनमूल निकालना है।

अतः ५ के ऊपर घन (।), २ और ६ पर (—) अघन, ५ पर घन तथा १ पर अघन चिह्न लगाया। इस प्रकार २ घन संख्या हुई अतः घनमूल भी दो अङ्कों वाली संख्या होगी। आगे की प्रक्रिया इस प्रकार—

अन्तिम घन १५ में २ का घन घटाया २×२×२=८
घनमूल $(२)^{२}=४\times३=१२$

	२५
	१५६२५
	८
	७६
	६०
	१६२
	१५०
	१२५
३	१२५
√	×

अग्रिम अघन को उतारने से शेष ७६ में १२ का भाग देने से लब्धि ६ आयेगी किन्तु आगे की क्रिया अवरुद्ध हो जायेगी अतः लब्धि ५ लिया। १२×५=६० को घटाने से शेष १६, अघन उतारने से १६२ आया। इसमें लब्धि के वर्ग को ३ से तथा अन्तिम घनमूल २ से गुणा कर गुणनफल [$(५)^{२}=२५\times३\times२=१५०$] को घटाने से शेष १२ रहा। अन्तिम घन ५ को उतारने से १२५ आया। लब्धि ५ का घन (५×५×५=१२५) घटाने से संख्या निःशेष हो गई। अतः ऊपर स्थित २५ अभीष्ट घनमूल हुआ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपपत्तिः—आद्यं घनस्थानमित्यादिसूत्रस्योपपत्तिः "स्थाप्यो घनोऽन्त्यस्यादि-सूत्राद् विपरीतक्रमेण सिध्यति। यथा—

$$(क+ख)^3 = क^3 + ३\,(क^2 \times ख) + ३\,(ख^2 \times क) + ख^3$$
$$= क^3 + ३\,क^2 ख + ३\,ख^2 क + ख^3$$

अत्र $ख^3$, $क^3$ क्रमेण घनस्थाने, एवमेव $३\,ख^2 क$, $३\,क^2 ख$ क्रमेण द्वे अघन-स्थाने स्तः। अघनस्थाने मूलमादित्रिनिघ्नं तथा च मूलं त्र्यन्त्याहतमेव तिष्ठति अतो विपरीतमेव मूलसूत्रमुपपन्नम्।

प्रतीत्यर्थं घनमूलं प्रदर्श्यते—

$(क)^3 = क^3$
$३\,(क^2) = ३क^2$
$(ख)^2 = ख^2 \times क \times ३$
$(ख)^3 = ख \times ख \times ख = ख^3$

$क^3 + ३\,क^2 ख + ३\,ख^2 क + ख^3$ | $क+ख$

$क^3$
×
$३\,क^2 ख$
$३\,क^2 ख$
$३\,ख^2 क$
$३\,ख^2 क$
$ख^3$
$ख^3$
×

क्रियावैपरीत्येन क+ख घनमूलमिति, सूत्रमुपपन्नम्।

विशेष—घनमूल निकालने का आधुनिक नियम गुणनखण्ड पर आधारित है। किसी भी घनात्मक संख्या का गुणन खण्ड निकालकर ३ अंकों का समूह बनावें। प्रत्येक समूह के एक-एक अंकों का गुणनफल अभीष्ट घनमूल होता है। यथा—

$$\sqrt[३]{२७} = \frac{३\times३\times३}{३} = ३ \text{ घनमूल}$$

$$\sqrt[३]{७२९} = \frac{३\times३\times३}{३} \times \frac{३\times३\times३}{३} = ३\times३ = ९ \text{ घनमूल}$$

$$\sqrt[३]{१७२८} = \frac{२\times२\times२}{२} \times \frac{२\times२\times२}{२} \times \frac{३\times३\times३}{३} = २\times२\times३ = १२ \text{ घनमूल}$$

अभ्यासार्थ प्रश्न

घनमूल निकालो—

१. ७२९, १७१८, ३३७५, १०१४८, ४२८७५, ५४८७२, ७९५०७।
२. १९५३१२५, २४६०३७५, १४७०६१२५।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भिन्नपरिकर्माष्टकम्

समच्छेदविधानम्—

अन्योन्यहाराभिहतौ हरांशौ राश्योः समच्छेदविधानमेवम् ।
मिथो हराभ्यामपवर्त्तिताभ्यां यद्वा हरांशौ सुधियाऽत्र गुण्यौ ॥ १ ॥

[भिन्न संख्याओं के योगान्तर हेतु समच्छेद की विधि बतलाई गई है ।] एक संख्या के हर से दूसरी संख्या के अंश और हर को गुणाकर, दूसरी संख्या के हर से प्रथम संख्या के अंश और हर को गुणा करने से दोनों संख्याओं के हर तुल्य हो जाते हैं। तुल्य हर होने पर अंशों का योगान्तर कर शेष संख्या के नीचे हर रखने से अभीष्ट संख्याओं का योगान्तर होता है।

यदि अंश और हर किसी संख्या से अपवर्तित हो सके तो उन अपवर्तित हरों से परस्पर हर-अंशों को गुणा कर विद्वानों को योग अन्तर करना चाहिए ॥१॥

उपपत्तिः—तुल्यहरांशकानामेव संकलनं व्यवकलनञ्च भवति। तुल्यांकेन हरांशयोर्मिथः गुणनेन लब्धेरविकृतत्वात् तुल्यहरे सति अंशानां योगान्तरं युक्तियुक्तमेव ।

उपपत्तिः—

$\frac{अ}{क}+\frac{य}{र}$ अत्र $\frac{अ}{क}$ मानम्=च

$\frac{य}{र}$ मानम्=न

$\frac{अ}{क}+\frac{य}{र}$=च+न

$=\frac{अ\,र}{क\,र}+\frac{क\,य}{क\,र}=\left(\frac{अ}{क}\times\frac{र}{र}\right)+\left(\frac{क}{क}\times\frac{य}{र}\right)$

=उत्थापनेन—(च×१)+(१×न)

$=च+न=\frac{अ\,र+क\,य}{क\,र}$

अन्योन्यहारेत्यादिसूत्रमुपपन्नम् ।

अत्रोद्देशकः

रूपत्रयं पञ्चलवस्त्रिभागो योगार्थमेतान् वद तुल्यहारान् ।
त्रिषष्टिभागश्च चतुर्दशांशः समच्छिदौ मित्र वियोजनार्थम् ॥१॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे मित्र! रूपत्रयं (३) पञ्च लवः $\frac{१}{५}$ त्रिभागः $\frac{१}{३}$, एतान् तुल्यहारान् योगार्थं वद। त्रिषष्टिभागः $\frac{१}{६३}$ चतुर्दशांशः $\frac{१}{१४}$ वियोजनार्थं भिन्नौ समच्छेदौ वद।

हे मित्र, पूर्णाङ्क ३, $\frac{१}{५}$, $\frac{१}{३}$ का योग करने के लिए इनके हरों को, तथा अन्तर करने के लिए $\frac{१}{६३}$ और $\frac{१}{१४}$ के हरों को तुल्य करो।

उदाहरण—योग—

$$३+\frac{१}{५}+\frac{१}{३}=\frac{३}{१}+\frac{१}{५}+\frac{१}{३}$$

'अन्योन्यहारा' इत्यादि सूत्र से प्रत्येक हर से एक दूसरे के अंशों और हरों को गुणा करेंगे।

$$(१)\quad \frac{३}{१}+\frac{१}{५}+\frac{१}{३}$$

$$(५)\quad \frac{१५}{५}+\frac{१}{५}+\frac{५}{१५}$$

समच्छेद : $$(३)\quad \frac{४५}{१५}+\frac{३}{१५}+\frac{५}{१५}$$

योग करने से $\frac{४५}{१५}+\frac{३}{१५}+\frac{५}{१५}=\frac{५३}{१५}$

एवमेव $\frac{१}{६३}$, $\frac{१}{१४}$ इनका अन्तर करना है

$$\frac{१}{१४}-\frac{१}{६३}=\frac{६३}{८८२}-\frac{१४}{८८२}$$

समच्छेद होने पर अन्तर $\frac{४९}{८८२}$

प्रभागजातौ करणसूत्रं वृत्तार्धम्

लवा लवघ्नाश्च हरा हरघ्ना भागप्रभागेषु सवर्णनं स्यात्।

भागप्रभागेषु लवालवघ्ना हरा हरघ्ना च सवर्णनं स्यात्।

भाग-प्रभाग (अर्थात् किसी संख्या के भाग का भाग) विधि में अंशों का अंशों से तथा हरों का हरों से गुणा करने पर सवर्णन होता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपपत्तिः—प्रभागजातेरर्थः कस्यचिद् राशेर्भागस्य प्रभागः मूलराशेः कतमो भाग इति ।

'य' इत्यस्य 'ल' भागो $\frac{य}{ल}$ = र अस्यापरो भागः $\frac{त}{थ}$ = न

अतः न = $\frac{य \times त}{ल \times थ}$

लवालवघ्नेति सूत्रमुपपन्नम्—

अत्रोद्देशकः

द्रम्मार्धत्रिलवद्वयस्य सुमते पादत्रयं यद्भवेत्
तत्पञ्चांशकषोडशांशचरणः सम्प्रार्थितेनार्थिने ।
दत्तो येन वराटकाः कति कदर्येणार्पितास्तेन मे
ब्रूहि त्वं यदि वेत्सि वत्स गणिते जातिं प्रभागाभिधाम् ॥१॥

द्रम्मार्धत्रिलवद्वयस्य पादत्रयं यद् भवेत् तत् पञ्चांशकषोडशांशचरणः सम्प्रार्थितेनार्थिने कदर्येणार्पिता । हे सुमते ! यदि त्वं गणिते प्रभागाभिधा जातिं वेत्सि तदा कति वराटका येन दत्ता मे ब्रूहि ।

एक द्रम्म के आधे का $\frac{३}{५}$ के $\frac{३}{५}$ का $\frac{१}{२}$ के सोलहें भाग $(\frac{३}{५ \times ५ \times २ \times १६})$ का चतुर्थांश $(\frac{१}{४})$ किसी कृपण ने एक याचक को दिया । हे बुद्धिमती यदि तुम गणित की प्रभाग जाति को जानती हो तो मुझे बताओ कि उस कृपण ने कितनी कौड़ी याचक को दी ? १

लवा लवघ्नाश्च इत्यादि सूत्र के अनुसार अंशों का परस्पर गुणा कर अंश तथा हरों का गुणनफल हर के स्थान पर रखने से—

$$\frac{१}{१} \times \frac{१}{२} \times \frac{२}{३} \times \frac{३}{४} \times \frac{१}{५} \times \frac{१}{१६} \times \frac{१}{४}$$

$$= \frac{६}{७६८०} = \frac{१}{१२८०} \text{ द्रम्म}$$

वराटकानां दशकद्वयम् इत्यादि परिभाषा के अनुसार १२८० वराटक = १ द्रम्म।

अतः $\frac{१}{१२८०}$ द्रम्म = १ वराटक (कौड़ी)

कृपणने याचक को दिया ।

RaGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भागानुबन्धभागापवाहयोः सूत्रम्

छेदघ्नरूपेषु लवा धनर्णमेकस्य भागा अधिकोनकाश्चेत् ॥२॥
स्वांशाधिकोनः खलु यत्र तत्र भागानुबन्धे च लवापवाहे।
तलस्थहारेण हरं निहन्यात् स्वांशाधिकोनेन तु तेन भागान् ॥३॥

छेद एकस्य भागा अधिकोनका तदा छेदघ्नरूपेषु लवाः धनर्णम्। यत्र खलु स्वांशः अधिको न, तत्र भागानुबन्धे लवापवाहे च। तलस्थहारेण हरं निहन्यात्। स्वांशाधिकोनेन तु तेन भागान् निहन्यात् ॥ ३ ॥

यदि किसी भी संख्या का कोई भी भाग रूप (पूर्णांक) में जोड़ना या घटाना हो तो पूर्णांक और दूसरी संख्या के गुणनफल में द्वितीय (भिन्न) संख्या के अंश को ऋण-धन के अनुसार घटाने अथवा जोड़ने से अभीष्ट योगान्तर होता है।

यदि भागानुबन्ध और लवापवाह में किसी संख्या से अपना (उसी संख्या का कोई) भाग घटाना या जोड़ना हो तो दोनों संख्याओं के हरों का परस्पर गुणा कर हरस्थान में रखना चाहिए। तथा द्वितीय संख्या के हर को अपने अंश से ऋण धन के अनुसार घटाकर अथवा जोड़कर प्रथम संख्या के अंश से गुणा कर गुणनफल को अंश स्थान में रखने से अभीष्ट संख्या होती है। यथा—

१. ४ में उसी का $\frac{१}{३}$ जोड़ना है

$$\frac{४}{१}+\frac{१}{३}=\frac{४\times४}{३\times१}=\frac{१६}{३}$$

२. $\frac{२}{३}$ + उसी का $\frac{२}{४}=\frac{(४+२)\times२}{३\times४}=\frac{१२}{१२}=१$

३. $\frac{२}{५}$ − उसी का $\frac{१}{६}=\frac{(६-१)\times२}{५\times६}=\frac{१०}{३०}=\frac{१}{३}$

अत्रोद्देशकः

साङ्घ्रि द्वयं त्रयं व्यङ्घ्रि कीदृग्ब्रूहि सवर्णितम्।
जानास्यंशानुबन्धं चेत् तथा भागापवाहनम् ॥ १ ॥

चेद् अंशानुबन्धं तथा भागापवाहनं जानासि तदा साङ्घ्रिद्वयं, व्यङ्घ्रित्रयं सवर्णितं कीदृग् ब्रूहि।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यदि तुम अंशानुबन्ध और भागापवाह को जानते हो तो चतुर्थांश ($\frac{1}{4}$) सहित २ तथा चतुर्थांश से रहित तीन का मान क्या होगा ? बताओ

उदाहरण—(१) $२ + \frac{१}{४} = \frac{(४ \times २) + १}{४} = \frac{९}{४}$

(२) $३ - \frac{१}{४} = \frac{(४ \times ३) - १}{४} = \frac{११}{४}$

अत्रोद्देशकः

अङ्घ्रिः स्वत्र्यंशयुक्तः स निजदलयुतः कीदृशः कीदृशौ द्वौ
त्र्यंशौ स्वाष्टांशहीनौ तदनु च रहितौ स्वैस्त्रिभिः सप्तभागैः।
अर्धं स्वाष्टांशहीनं नवभिरथ युतं सप्तमांशैः स्वकीयैः
कीदृक् स्याद् ब्रूहि वेत्सि त्वमिह यदि सखेऽशानुबन्धापवाहौ ॥२॥

हे सखे ! यदि भागानुबन्ध और भागापवाह जानते हो तो बताओ $\frac{१}{४}$ में उसी का $\frac{१}{३}$ जोड़ करु उसका $\frac{१}{२}$ जोड़ने से क्या होगा ? (१)
$\frac{२}{३}$ में उसी का $\frac{१}{८}$ घटाकर शेष में उसी का $\frac{३}{७}$ घटाने से क्या शेष बचेगा ? (२)
$\frac{१}{२}$ में उसका $\frac{१}{८}$ घटाकर शेष में उसी का $\frac{९}{७}$ जोड़ने से योगफल क्या होगा ?(३)

उदाहरण—न्यास (१) $\frac{१}{४}$ का $\left(+\frac{१}{३}\right)$ का $\left(+\frac{१}{२}\right)$

(२) $\frac{२}{३}$ का $\left(-\frac{१}{८}\right)$ का $\left(-\frac{३}{७}\right)$

(३) $\frac{१}{२}$ का $\left(-\frac{१}{८}\right)$ का $\left(+\frac{९}{७}\right)$

समाधान—

(१) $\frac{१}{४}, \frac{१}{३}, \frac{१}{२}$

अर्थात् $\frac{१}{४} + \left(\frac{१}{४}$ का $\frac{१}{३}\right)$

सूत्रानुसार—$\frac{१}{४}, \frac{१}{३} = \frac{(३+१) \times १}{३ \times ४} = \frac{४}{१२} = \frac{१}{३}$

$\frac{१}{३}, \frac{१}{२} = \frac{(२+१) \times १}{३ \times २} = \frac{३}{६} = \frac{१}{२}$

उत्तर $= \frac{१}{२}$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2.

(२) $\frac{२}{३} - \frac{१}{८} - \frac{३}{७}$

$\frac{२}{३}, \frac{१}{८} = \frac{(८-१)\times २}{३\times ८} = \frac{१४}{२४} = \frac{७}{१२}$

$\frac{७}{१२}, \frac{३}{७} = \frac{(७-३)\times ७}{१२\times ७} = \frac{२८}{८४} = \frac{१}{३}$

(३) $\frac{१}{२} - \frac{१}{८} = \frac{(८-१)\times १}{२\times ८} = \frac{७}{१६}$

$\frac{७}{१६} + \frac{९}{७} = \frac{(९+७)\times ७}{१६\times ७} = \frac{११२}{११२} = १$

अथ भिन्नसङ्कलितव्यवकलितयोः करणसूत्रं वृत्तार्धम् ।

योगोऽन्तरं तुल्यहरांशकानां कल्प्यो हरो रूपमहारराशेः ॥

तुल्य हरांशकानां योगोऽन्तरं (भवति) । अहारराशेः रूपं हरः कल्प्यः ।

तुल्य हरवाले अंशों का ही योग अथवा अन्तर होता है । जिस राशि में हर नहीं होता उसका हर '१' कल्पित कर लेना चाहिए ।

उपपत्तिः—हरेण भागाः अनुमीयन्ते । पूर्णाङ्कस्य विभिन्नाः भागा एव भिन्नसंज्ञकाः भवन्ति । सजातीयानामेव योगान्तरमिति नियमात् तुल्यहरांशकानामेव योगान्तरमितियुक्तियुक्तम् । यथा य संख्यायाः र भागः ल संख्यायाः र भागेन सह युक्तो वियुक्तो भवितुमर्हति ।

$$\frac{य}{र} + \frac{ल}{र} = \frac{य+ल}{र} = \text{उभयोः 'र' भाग इत्युपपन्नम् ।}$$

अत्रोद्देशकः

पञ्चांशपादत्रिलवार्धषष्ठानेकीकृतान् ब्रूहि सखे ममैतान् ।
एभिश्च भागैरथ वर्जितानां किं स्यात् त्रयाणां कथयाशु शेषम् ॥१॥

सखे ! पञ्चांशपादत्रिलवार्धषष्ठान् एतान् एकीकृतान् मम ब्रूहि । अथ एभिश्च भागैः त्रयाणां वर्जितानां किं शेषं स्याद् आशु कथय ।

हे मित्र ! $\frac{१}{५}$ $\frac{१}{४}$ $\frac{१}{३}$ $\frac{१}{२}$ $\frac{१}{६}$ का योग मुझे बताओ तथा इस योग को ३ में घटाने से क्या शेष बचेगा मुझे शीघ्र बताओ ।

४ ली.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

न्यासः $\frac{१}{५}+\frac{१}{४}+\frac{१}{३}+\frac{१}{२}+\frac{१}{६}$

योगः $=\frac{२९}{२०}$। $३-\frac{२९}{२०}=\frac{३१}{२०}$ अन्तरम्

उदाहरण— $\frac{१}{५}+\frac{१}{४}+\frac{१}{३}+\frac{१}{२}+\frac{१}{६}$

हरों का हर और अंशों से गुणा करने पर समच्छेद होता है अतः—

$\frac{१}{५}+\frac{१}{४}+\frac{१}{३}+\frac{१}{२}+\frac{१}{६}$

$\frac{१}{५}+\frac{५}{२०}+\frac{५}{१५}+\frac{५}{१०}+\frac{५}{३०}$ (हर ५ से गुणा किया)

$\frac{४}{२०}+\frac{५}{२०}+\frac{२०}{६०}+\frac{२०}{४०}+\frac{२०}{१२०}$ (हर ४ से)

$\frac{१२}{६०}+\frac{१५}{६०}+\frac{२०}{६०}+\frac{६०}{१२०}+\frac{६०}{३६०}$ (हर ३ से)

$\frac{२४}{१२०}+\frac{३०}{१२०}+\frac{४०}{१२०}+\frac{६०}{१२०}+\frac{१२०}{७२०}$ (हर २ से)

$\frac{१४४}{७२०}+\frac{१८०}{७२०}+\frac{२४०}{७२०}+\frac{३६०}{७२०}+\frac{१२०}{७२०}$ (हर ६ से)

तुल्य हर होने पर योग किया।

$$\frac{१४४+१८०+२४०+३६०+१२०}{७२०}=\frac{१०४४}{७२०}$$

$$=\frac{२९}{२०}\text{ योगः}$$

$३-$योग $=३-\frac{२९}{२०}$

३ में कोई हर नहीं है अतः १ हर कल्पित कर न्यास किया—

$$\frac{३}{१}-\frac{२९}{२०}$$

हरों का परस्पर गुणा करने से—

$$\frac{६०}{२०}-\frac{२९}{२०}$$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्तर $\frac{६०-२९}{२०}=\frac{३१}{२०}$

उत्तर योग $\frac{२९}{२०}$। अन्तर $\frac{३१}{२०}$

विशेष—आधुनिक विधि में हरों का लघुत्तम लेकर प्रत्येक भिन्न के हर से लघुत्तम में भाग देते हैं तथा लब्धि से अंश को गुणा कर गुणनफल लिखते हैं। सभी गुणनफलोंका योग अंश तथा लघुत्तम हर होता है। यदि अन्तर करना हो तो गुणन-फलों का अन्तर कर देना चाहिए।

यथा— $\frac{१}{५}+\frac{१}{४}+\frac{१}{३}+\frac{१}{२}+\frac{१}{६}$

हरों का लघुत्तम—

२	५। ४। ३। २। ६
२	५। २। ३। १। ३
३	५। १। ३। १। ३
५	५। १। १। १। १
	१। १। १। १। १

२×२×३×५=६०

अतः $\frac{१}{५}+\frac{१}{४}+\frac{१}{३}+\frac{१}{२}+\frac{१}{६}$

$\frac{१२+१५+२०+३०+१०}{६०}=\frac{८७}{६०}=\frac{२९}{२०}$=योगः

३ − योग $=\frac{३}{१}-\frac{२९}{२०}$

हरों का लघुत्तम=२०

$\frac{३}{१}-\frac{२९}{२०}$

$\frac{६०-२९}{२०}=\frac{३१}{२०}$ अन्तर :

अथ भिन्नगुणने करणसूत्रं वृत्तार्धम्

अंशाहतिश्छेदवधेन भक्ता लब्धं विभिन्ने गुणने फलं स्यात् ॥४॥

विभिन्ने गुणने अंशाहतिः छेदवधेन भक्ता फलं स्यात्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भिन्न संख्याओंके गुणन हेतु अंशों के गुणन फल में हरों के गुणन फल का भाग देने से गुणनफल होता है।

उपपत्तिः—अ × ब = अ ब पूर्णाङ्कस्य गुणनफलम्। यदि अ संख्यायाः च भागेन ब संख्यायाः ल भागेन गुणयेत्तदा—

$$\frac{अ}{च} \times \frac{ब}{ल} = \frac{अ \times ब}{च \times ल} = \frac{अ\ ब}{च\ ल}$$

उपपन्नम्

अत्रोद्देशकः

सप्त्यंशरूपद्वितयेन निघ्नं ससप्तमांशद्वितयं भवेत् किम्।
अर्धं त्रिभागेन हतं च विद्धि दक्षोऽसि भिन्ने गुणनाविधौ चेत् ॥१॥

चेद् भिन्ने गुणनविधौ दक्षोऽसि तदा सप्त्यंशरूपद्वितयेन ससप्तमांशद्वितयं निघ्नं किं भवेत्। अर्धंत्रिभागेन हतं च किं विद्धि।

यदि तुम गुणनविधि में निपुण हो तो $२\frac{१}{३}$ को $२\frac{१}{७}$ को तथा $\frac{१}{२}$ को $\frac{१}{३}$ से गुणा करने पर क्या होगा मुझे बताओ।

न्यासः $२\frac{१}{३} \times २\frac{१}{७} = ५$। $\frac{१}{२} \times \frac{१}{३} = \frac{१}{६}$

उदाहरण—$२\frac{१}{३} \times २\frac{१}{७}$

सवर्णन करने से

$$\frac{(३ \times २) + १}{३} \times \frac{(७ \times २) + १}{७} =$$

$$\frac{७}{३} \times \frac{१५}{७} = \frac{१०५}{२१} = ५$$

$$\frac{१}{२} \times \frac{१}{३} = \frac{१ \times १}{२ \times ३} = \frac{१}{६}$$

उत्तर=५, एवं $\frac{१}{६}$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भिन्न राशि के भाग में भाजक के अंश और हर में परिवर्त्तन कर अर्थात् भाजक के अंश को हर और हर को अंश बनाकर भिन्न की तरह गुणा करने से भागफल होता है।

जैसे $\frac{२}{३}$ को $\frac{१}{४}$ से भाग देना है। अतः सूत्र के अनुसार क्रिया करने पर—

$$\frac{२}{३} \div \frac{१}{४} = \frac{२}{३} \times \frac{४}{१} = \frac{२ \times ४}{३ \times १} = \frac{८}{३}$$ यह भागफल हुआ।

अत्रोपपत्तिः—कल्प्यते भाजकः $= \frac{य}{र}$, भाज्यः $= \frac{ल}{व}$

तदा य = भाज्यः × र एवं ल = भाजक × व

$$\therefore \frac{य}{ल} = \frac{\text{भाज्य} \times र}{\text{भाजक} \times व} \therefore \frac{\text{भाज्य}}{\text{भाजक}} = \frac{य}{ल} \times \frac{व}{र} = \text{लब्धिः}।$$

अत उपपन्नम्।

अत्रोद्देशकः

सप्त्यंशरूपद्वितयेन पञ्च त्र्यंशेन षष्ठं वद मे विभज्य।
दर्भीयगर्भाग्रसुतीक्ष्णबुद्धिश्चेदस्ति ते भिन्नहृतौ समर्था ॥१॥

हे मित्र! यदि तुम्हारी बुद्धि भिन्न भाग की क्रिया में कुशाग्रभाग की तरह तीक्ष्ण है, तो ५ को $२ + \frac{१}{७}$ से और $\frac{१}{६}$ को $\frac{१}{७}$ से भाग देने पर लब्धि क्या होगी? मुझे बताओ ॥ १ ॥

न्यासः— $\frac{५}{१} \div \frac{७}{३}$। $\frac{१}{६} \div \frac{१}{३}$। $\frac{५}{१} \times \frac{३}{७}$, $\frac{१}{६} \times \frac{३}{१}$।

यथोक्तप्रकारेण जातम् :— $\frac{१५}{७}$, $\frac{१}{२}$।

इति भिन्नभागहारः।

उदाहरण (१) ५ को $\left(२ \div \frac{१}{३}\right)$ से भाग देना है।

$$\therefore \frac{५}{१} \div \left(२ + \frac{१}{३}\right) = \frac{५}{१} \div \left(\frac{२ \times ३}{३} + \frac{१}{३}\right)$$

$$= \frac{५}{१} \div \left(\frac{६ + १}{३}\right) = \frac{५}{१} \div \frac{७}{३} = \frac{५}{१} \times \frac{३}{७} = \frac{१५}{७}$$ लब्धि उत्तर।

(२) इसी प्रकार $\frac{१}{६}$ को $\frac{१}{३}$ से भाग देने पर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$$\frac{१}{६} \div \frac{१}{३} = \frac{१}{६} \times \frac{३}{१} = \frac{३}{६} = \frac{१}{२} \text{ (३ से अपवर्तन देने पर)}$$

लब्धि हुई।

इति भिन्नभागहारः।

अथ भिन्नवर्गादौ करणसूत्रं वृत्तार्धम्।

वर्गे कृती घनविधौ तु घनौ विधेयौ।
हारांशयोरथ पदे च पदप्रसिद्ध्यै ॥ ५ ॥

किसी भिन्नराशि या वर्ग का घन करना अभीष्ट हो तो, उसके अंश और हर दोनों का वर्ग या घन करना चाहिए। एवं यदि वर्गमूल या घनमूल निकालना हो तो अंश और हर दोनों का वर्गमूल या घनमूल निकालना चाहिए ॥५॥

जैसे—$\frac{५}{४}$ का वर्ग करना अभीष्ट है।

$$\therefore \left(\frac{५}{४}\right)^२ = \frac{५}{४} \times \frac{५}{४} = \frac{२५}{१६} \text{ उत्तर हुआ।}$$

इसी प्रकार यदि $\frac{२५}{१६}$ का वर्गमूल निकालना है।

$$\therefore \sqrt{\frac{२५}{१६}} = \sqrt{\frac{५ \times ५}{४ \times ४}} = \frac{५}{४} \text{ उत्तर।}$$

अत्रोपपत्ति :—कल्प्यतेराशिः $\frac{य}{र}$ अस्य वर्गकरणमभीष्टम्, तदा समद्विघात कृतिरुच्यते; इत्यादिना—

$$\left(\frac{य}{र}\right)^३ = \frac{य}{र} \times \frac{य}{र} = \frac{य^२}{र^२}, \text{ एवं घनादिकप्युपपद्यते।}$$

अत्रोद्देशकः—

सार्धत्रयाणां कथयासु वर्गं वर्गात् ततो वर्गपदं च मित्र।
घनं च मूलं च घनात् ततोऽपि जानसि चेद्वर्गघनौ विभिन्नौ ॥

हे मित्र! यदि तुम भिन्नराशि के वर्ग और घन की क्रिया को जानते हो तो $३\frac{१}{२}$ का वर्ग और फिर उस वर्ग का वर्गमूल तथा उसी $\frac{७}{२}$ राशि का घन और उस घन का घनमूल बताओ ॥१॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

न्यास :— $३\frac{१}{२}$ छेदघ्नरूपे कृते जातम् $\frac{७}{२}$।

अस्य वर्ग : $\frac{४९}{४}$। मूलम् $\frac{७}{२}$। घनः $\frac{३४३}{८}$। अस्य घनमूलम् $\frac{७}{२}$।

इति भिन्नपरिकर्मष्टिकम्।

उदाहरण (१) $३\frac{१}{२}=\frac{७}{२}$ का वर्ग करना है। अतः वर्ग-सूत्र के अनुसार $\left(\frac{७}{२}\right)^२$

$=\frac{७}{२}\times\frac{७}{२}=\frac{४९}{४}$ हुआ।

(२) $\frac{४९}{४}$ का वर्गमूल निकालना है।

$\therefore\sqrt{\frac{४९}{४}}=\sqrt{\frac{७\times७}{२\times२}}=\frac{७}{२}$ उत्तर।

(३) $\frac{७}{२}$ का घन निकालो।

$\therefore\left(\frac{७}{२}\right)^३=\frac{७}{२}\times\frac{७}{२}\times\frac{७}{२}=\frac{३४३}{८}$ उत्तर।

(४) $\frac{३४३}{८}$ का घनमूल निकालो।

$\therefore\sqrt[३]{\frac{३४३}{८}}=\sqrt[३]{\frac{७\times७\times७}{२\times२\times२}}=\frac{७}{२}$ उत्तर।

इति भिन्नपरिकर्मष्टिकम्।

परिशिष्ट

नियम (१) किसी भी पूर्णाङ्क संख्या को दिये हुये हर के साथ भिन्न के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है।

जैसे— $५=\frac{५}{१}=\frac{५\times२}{१\times२}=\frac{५\times३}{१\times३}$ इत्यादि।

नियम (२) किसी भिन्नराशि को किसी अन्य भिन्नराशि के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है, जिसका हर दी गई भिन्न के हर का कोई अपवर्त्य हो।

जैसे— $\frac{१}{२}$ को ऐसी भिन्न के रूप में परिवर्तित करो जिसका हर ८ हो।

$\because ८=२\times४\therefore\frac{१}{२}=\frac{१\times४}{२\times४}=\frac{४}{८}$ उत्तर।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अभ्यासार्थं प्रश्न

(१) ७, ५, ३, १० में प्रत्येक को ऐसी भिन्न में परिवर्तित करो जिनका हर ६ हो।

(२) २, ४, १५, ९, ११ में प्रत्येक को ऐसी भिन्नराशि में बदलो जिनका हर १२ हो।

(३) ५ को ऐसी भिन्न संख्या में बदलो जिनका हर २, ५, ७, ८ हो।

(४) ९ को ऐसी भिन्न संख्या में बदलो जिनका हर ३, ८, १० और १२ हो।

(५) $\frac{१}{२}$, $\frac{१}{३}$, $\frac{२}{४}$, $\frac{३}{८}$, $\frac{५}{६}$, को ऐसी भिन्नों में बदलो जिनका हर २४ हो।

(६) $\frac{१५}{२५}$, $\frac{१६}{२४}$, $\frac{८१}{९०}$, $\frac{१२१}{२३१}$, $\frac{२६}{३३}$ और $\frac{५१}{८५}$ को ऐसी समान भिन्नों में बदलो। जिनका हर ५, ३, १०, २१, ३ और ५ हो।

नियम (३) किसी भिन्न को उसके लघुतम रूप में लाना--

जब भिन्न राशि के अंश और हर में कोई अपवर्त्तक न हो तब उसे अपने लघुतम रूप में कहा जाता है।

जैसे—$\frac{१५}{३०}$ को लघुतम रूप में लाओ।

$$\therefore \frac{१५}{३०}=\frac{५\times ३}{५\times ६}=\frac{५\times ३\times १}{५\times ३\times २}=\frac{१}{२}$$ (५ × ३ से अपवर्तित करने पर)

उत्तर=$\frac{१}{२}$।

अभ्यासार्थ प्रश्न

निम्न को उनके लघुतम रूप में बदलो :—

(१) $\frac{१२}{२७}$ (२) $\frac{३३}{४४}$, (३) $\frac{६०}{८०}$, (४) $\frac{६४}{१२८}$, (५) $\frac{७२०}{८६४}$, (६) $\frac{१४८५}{२१६०}$

(७) $\frac{२७५५}{३१२५}$ (८) $\frac{१२६१}{१६४९}$ (९) $\frac{१२३४५}{२३१३५}$।

नियम (४) समान भिन्नों के रूप में लाना—

वे भिन्न जिनके हरों का लघुतम समापवर्त्य हो, दूसरी समान भिन्नों में परिवर्तित की जा सकती है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जैसे—$\frac{१}{२}$, $\frac{१}{३}$, $\frac{१}{४}$ समान भिन्न बनाओ जिनका हर सब हरों का लघुतम समापवर्त्य हो।

अतः २, ३, ४, का लघुतम समापवर्त्य लेने पर—

$$\begin{array}{r|l} २ & २,\ ३,\ ४ \\ \hline & १,\ ३,\ २ \end{array}$$

∴ लघुतम समापवर्त्य = २×३×२=१२

∴ १२ ÷ २ = ६ ∴ $\frac{१}{२} = \frac{१\times६}{२\times६} = \frac{६}{१२}$

∴ १२ ÷ ३ = ४ ∴ $\frac{१}{३} = \frac{१\times४}{३\times४} = \frac{४}{१२}$

∴ १२ ÷ ४ = ३ ∴ $\frac{१}{४} = \frac{१\times३}{४\times३} = \frac{३}{१२}$ } उत्तर

अभ्यासार्थ प्रश्न

निम्नलिखित को समान भिन्न के रूप में बनाओ—

(१) $\frac{२}{३}$, $\frac{३}{४}$, $\frac{४}{५}$ (२) $\frac{७}{८}$, $\frac{८}{९}$, $\frac{५}{७}$, $\frac{३}{८}$ (३) $\frac{१}{२}$, $\frac{१}{५}$, $\frac{१}{६}$, $\frac{१}{७}$

(४) $\frac{४}{९}$, $\frac{२}{५१}$, $\frac{१}{८४}$, $\frac{७}{६०}$ (५) $\frac{१}{१०}$, $\frac{१}{८}$, $\frac{१}{७}$, $\frac{१}{५}$, $\frac{१}{३}$ (६) $\frac{५}{१६}$, $\frac{७}{२४}$, $\frac{११}{४०}$ (७) $\frac{४}{१२}$, $\frac{५}{१४}$, $\frac{६}{१६}$, $\frac{७}{१८}$

भिन्न संकलन और व्यवकलन

(५) भिन्न जोड़—

भिन्नों के योग अथवा अन्तर में, उनके हरे का लघुतम समापवर्त्य लेकर प्रत्येक के हर से उस लघुतम समापवर्त्य में भाग देकर, शेष से उनके अंशों को गुणाकर प्रश्न के अनुसार उनका योग या अन्तर करना चाहिए।

जैसे—(१) $\frac{२}{२७}$, $\frac{८}{१५}$, $\frac{९}{२०}$ इनको जोड़ना है।

अतः हरों २७, १५ और २० का लघुतम समापवर्त्य लेने से—

$$\begin{array}{r|l} ३ & २७,\ १५,\ २० \\ ५ & ९,\ ५,\ २० \\ \hline & ९,\ १,\ ४ \end{array}$$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

∴ लघुतम समापवर्त्य=३×५×९×४=५४० हुआ।

$$\therefore \frac{२}{२७}+\frac{८}{१५}+\frac{९}{२०}=\frac{२\times२०+८\times३६+९\times२७}{५४०}$$

$$=\frac{४०+२८८+२४३}{५४०}$$

$$=\frac{५७१}{५४०}=१\frac{३१}{५४०}\text{ उत्तर}$$

(२) $\frac{३}{१०}$ और $\frac{१}{३०}$ का अन्तर निकालो—

$$\therefore \frac{३}{१०}-\frac{१}{३०}=\frac{३\times३-१}{३०}$$ (यहाँ १० और ३०का लघुतम समापवर्त्य ३०है)

$$=\frac{९-१}{३०}=\frac{८}{३०}=\frac{४}{१५}\text{ उत्तर।}$$

(३) $\frac{५}{२}+\frac{१०}{३}-\frac{१३}{३}$ इनको सरल (संक्षेप) करो—

अतः हरों का लघुतम समापवर्त्य लेने से=२×३=६

$$\therefore \frac{५}{२}+\frac{१०}{३}-\frac{१३}{३}=\frac{५\times३+१०\times२-१३\times२}{६}$$

$$=\frac{१५+२०-२६}{६}=\frac{३५-२६}{६}=\frac{९}{६}$$

$$=\frac{३}{२}\text{ उत्तर।}$$

अभ्यासार्थ प्रश्न

योगान्तर ज्ञात करो—

(१) $७\frac{१}{५}+९\frac{१}{१५}-१०\frac{१}{९}$ (२) $३\frac{१}{७}-\frac{११}{१४}+४\frac{१}{८}$ (३) ८ − २

(४) $\frac{१३}{१४}-७\frac{१}{२}+९-२\frac{१}{७}$ (५) $३\frac{१}{३}+४\frac{१}{४}-५\frac{१}{१०}-१\frac{१}{२०}$

गुणन प्रश्न—

(१) $\frac{७}{८}$ को $\frac{११}{१२}$ से (२) $\frac{३}{७}$ को $\frac{२२}{९}$ से (३) १५ को $\frac{५}{३}$ से (४) १८ को $\frac{१६}{१९}$ से

(५) $७\frac{३}{७}$ को $११\frac{२}{१५}$ से (६) $\frac{९८}{१००}$ को $\frac{२५}{१४}$ से गुणा करो।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इसको सरल करो—

(१) $४\frac{१}{३} - ३\frac{५}{७} - ५\frac{४}{९}$ (२) $\frac{११}{१२} \times \frac{९}{१२१} \times \frac{१५}{७}$ (३) $३\frac{१}{२} \times ५\frac{३}{६} \times १५\frac{१}{१०}$

(४) $\frac{५}{४} \times ७\frac{१}{२} - ४\frac{२}{३} \times १०\frac{५}{६}$ (५) $\frac{१२१}{१२५} \times \frac{११५}{२३१} \times \frac{२९४}{९९}$

भाग दो—

(१) $\frac{१६}{१७} \div \frac{४}{५१}$, (२) $\frac{१२१}{२३१} \div \frac{११}{१२}$, (३) $११\frac{१}{४} \div ७\frac{१}{२}$, (४) $१११\frac{२}{२} \div ११\frac{१}{९}$

(५) $\frac{३४३}{२७} \div \frac{७}{९}$ ।

(६) भिन्न संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तमसमापवर्तक निकालना हो तो अंशों का महत्तम समापवर्त्य और हरों का लघुत्तम समापवर्त्य निकालना चाहिए।

$$\frac{\text{अर्थात्, अंशों का महत्तम समापवर्त्य}}{\text{हरों का लघुत्तम समापवर्त्य}} = \text{भिन्न का महत्तम समापवर्त्य}$$

एवं यदि लघुत्तम निकालना हो तो अंशों का लघुत्तम समापवर्त्य और हरों का महत्तमसमापवर्त्य निकालना चाहिए।

$$\text{अर्थात्} \frac{\text{अंशों का ल० स०}}{\text{हरों का म० स०}} \text{ भिन्नों का लघुत्तम समापवर्त्य।}$$

जैसे—$\frac{९}{१६}$ और $\frac{३}{४}$ का महत्तम समापवर्त्य निकालो—

∴ अंशों का महत्तम समापवर्त्य=३ तथा हरों का लघुत्तम समापवर्त्य =१६।

∴ अभीष्ट भिन्न संख्याओं का महत्तम समापवर्त्य $= \frac{३}{१६}$

एवं अंशों का लघुत्तम समापवर्त्य=९

तथा हरों का महत्तम समापवर्त्य=४

∴ अभीष्ट का लघुत्तम समापवर्त्य $= \frac{९}{४} = २\frac{१}{४}$ उत्तर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अभ्यासार्थ प्रश्न

निम्न का लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्त्य निकालो—

(१) $\frac{१}{८}, \frac{५}{२}, \frac{१५}{१६}$ (२) $\frac{२}{३}, \frac{४}{५}$ (३) $\frac{८}{९}, \frac{५}{६}$

(४) $\frac{७}{२}, \frac{२१}{४}, \frac{१}{१२}$ (५) $\frac{७}{८}, \frac{२}{५}, \frac{११}{१५}$ (६) $\frac{१५}{१६}, \frac{१४}{१८}, \frac{३०}{३५}$

(७) मिश्र भिन्न को सरल करना

ऐसे भिन्न पद जिनमें योग (+) व्यवकलन (−) गुणा (×) भाग (÷) और का (×) इन सभी अथवा थोड़े से चिह्नों का समावेश किया गया हो वहाँ सर्व प्रथम 'का' उसके बाद क्रमशः भाग, गुण योग और अन्तर की क्रिया करनी चाहिए।

(१) $\frac{३}{५} \div \frac{५}{२} \times \frac{२७}{१०} = \frac{३}{५} \times \frac{२}{५} \times \frac{२७}{१०} = \frac{१६२}{२५०} = \frac{८१}{१२५}$ उत्तर

(उपर्युक्त में भाग एवं गुणा के चिह्न है, अतः भाग क्रिया पहले की गई है) पहले भाग क्रिया नहीं करने का परिणाम—

$\frac{३}{५} \div \frac{२}{५} \times \frac{२७}{१०} = \frac{३}{५} \div \frac{५४}{२०} = \frac{३}{५} \times \frac{२०^{४}}{५४_{१८}} = \frac{४}{१८} = \frac{२}{९}$ यह उत्तर आता जो अशुद्ध है।

(२) $\frac{१४}{३} \times \frac{५}{२} \div \frac{७}{४}$ का $\frac{१०}{३} = \frac{१४}{३} \times \frac{२}{५} \div \frac{७०}{१२} = \frac{१४}{३} \times \frac{५}{२} \times \frac{१२^{२}}{७०_{५}}$

= २ उत्तर

(उपर्युक्त उदाहरण में प्रथम 'का' तदनन्तर भाग एवं गुणा की क्रिया की गई है) ।

(३) $\frac{३२}{७} + \frac{४०}{७} \div \frac{८}{१} - \frac{८१}{४} \times \frac{२८}{९}$ का $\frac{१}{२८} \div \frac{३}{२५}$ का $\frac{२५}{३} = \frac{३२}{७} + \frac{४०}{७} \div$

$\frac{८}{१} - \frac{८१}{४} \times \frac{१}{९} \div \frac{१}{२} = \frac{३२}{७} + \frac{४०^{५}}{७} \times \frac{१}{८} - \frac{२५^{९}}{५} \times \frac{१}{२} \times \frac{२}{१} =$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$$\frac{३२}{७} \div \frac{५}{७} - \frac{९}{२} = \frac{६४ + १० - ६३}{१४} = \frac{७४ - ६३}{१४} = \frac{११}{१४} \text{ उत्तर।}$$

$$(४)\ \frac{७}{\frac{१४}{१५} \text{ का } \frac{१}{४}} \times \frac{२१}{\frac{१०}{७}} = \frac{७}{\frac{१४}{६०}} \times \frac{२१}{\frac{१०}{७}} = \frac{७}{१} \div \frac{१४}{६०} \times \frac{२१}{१०} \div \frac{७}{२} =$$

$$\frac{७}{१} \times \frac{\cancel{६०}^{३०}}{\cancel{१४}_{२}} \times \frac{\cancel{२१}^{३}}{\cancel{७}} \times \frac{२}{\cancel{७}} = ३ \times ३ \times २ = १८ \text{ उत्तर}$$

(८) कोष्ठक और उनका प्रयोग

कोष्ठकों का प्रयोग लघु = ( ) मध्यम { } और बृहद् [ ] इन तीन प्रकार से किया जाता है। अतः किसी पद में इन तीनों कोष्ठकों के रहने पर क्रमशः लघु मध्यम और बृहद् कोष्ठक की क्रिया की जाती हैं। इसी प्रकार दो आदि में भी क्रिया समझनी चाहिए।

जैसे—[क ± [ख + (ग − घ)] इससे तात्पर्य है कि "ग" में 'घ' को घटाकर, इसमें ख जोड़कर, इस योग को क में धन अथवा ऋण करना है।

यदि कोष्ठक के बाहर भी किसी संख्या का समावेश किया गया हो तो उसे कोष्ठक की क्रिया के बाद ही करना चाहिए।

कोष्ठक और संख्या के बीच में किसी चिन्ह का न होना गुणा (×) का द्योतक होता है। यथा—५(३ + २ − १), २ (१ + ३ − ४) आदि। यदि कोष्ठक के पूर्व हो (+) चिन्ह तो कोष्ठक अलग करने पर संख्याओं के चिन्हों में कोई परिवर्तन नहीं होता।

जैसे—४ + (२ + १ − २) = ४ + २ + २१ − २ किन्तु यदि कोष्ठक से पहले (−) चिन्ह हो तो उसे अलग करने पर उसके भीतर के चिन्ह बदल दिये जाते हैं। अर्थात् + धन को ऋण − और (−) को + कर दिया जाता है। जैसे—५ − (४ − ६ + ५) = ५ − ४ + ६ − ५।

उदाहरण—

$$(१)\ ४ + \left(३\ \frac{१}{२} - \frac{३}{४} \right) = ४ \times \left(\frac{७}{२} - \frac{३}{४} \right) = ४ + \left(\frac{१४ - ३}{४} \right)$$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$$= ४ + \frac{११}{४} = \frac{१६ + ११}{४} = \frac{२७}{४} = ६\frac{३}{४} \text{ उत्तर}$$

$$(२)\ ६ - १\left\{\frac{१}{२} - \left(\frac{३}{४} - \frac{१}{२}\right)\right\} = ६ - \left\{\frac{३}{२} - \left(\frac{३}{४} - \frac{१}{२}\right)\right\}$$

$$= ६ - \left\{\frac{३}{२} - \left(\frac{३-२}{४}\right)\right\} = ६ - \left\{\frac{३}{२} - \left(\frac{१}{४}\right)\right\} = ६ - \frac{१}{१} + \frac{३}{२} - \frac{१}{४}\Big\} = ६\left[\frac{६-१}{४}\right] = ६ - \left[\frac{५}{४}\right] = ६ - \frac{५}{४} = \frac{२४-५}{४} = \frac{१९}{४} = ४\frac{३}{४}$$

$$(३)\ ५ \div \left[२ + ३ \div \left\{३ + ४ \div \left(३\frac{१}{४}\right)\right\}\right]$$

$$= ५ \div \left[२ + ३ \div \left\{३ + ४ \div \left(\frac{१२-१}{४}\right)\right\}\right]$$

$$= ५ \div \left[२ + ३ \div \left\{३ + ४ \div \frac{११}{४}\right\}\right]$$

$$= ५ \div \left[२ + १ \div \left\{३ + \frac{४ \times ४}{११}\right\}\right]$$

$$= ५ \div \left[२ + ३ \div \left\{३ + \frac{१६}{११}\right\}\right]$$

$$= ५ \div \left[२ + ३ \div \left\{३३ + \frac{१६}{११}\right\}\right]$$

मिश्रित उदाहरण

$$(१)\left(३\frac{३}{८} \times २\frac{२}{३}\right) - \left[१\frac{१}{१४} \div \left(२\frac{१}{७}\right)^२\right]$$

$$(२)\ \frac{१\frac{३}{५} + ४\frac{२}{६}}{३ - \frac{३}{७} + १\frac{२}{३}} \div १\frac{४}{२१}$$

$$(३)\left(६ - २\frac{१}{२}\right)^२ \text{ से } ६^२ - \left(२\frac{१}{२}\right)^२ \text{ कितना अधिक है}$$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(४) $\frac{३}{४} \div \frac{४}{१५}$ का $१\frac{३}{४} - \frac{७}{२२} \div ८\frac{१}{६} \times २\frac{२}{३}$

(५) $१ \div [१ + १ \div \{१ + १ \div (१ + १ \div २)\}]$

(६) $\frac{(१·५)^२ - २ \times (१·५)(०·५) + (०·५)^२}{(१·५)^२ + २ \times (१·५)(०·५) + (०·५)^२}$

(७) $\frac{·१ \times ·१ \times ·१ + ·१ \times ·१ \times ·१}{·२ \times ·२ \times ·२ + ·०२ \times ०२ \times ०२} \div १२५$

(८) $\frac{२·५^२ - १·५^२}{२·५^२ + ५·० \times १·५ + १·०^२}$

(९) $\frac{·५६१६ \times ·२७५ \times ०२७}{·००१८ \times ७०२}$ का $\frac{·०२}{·८२५} \div \frac{·०४५}{·७२}$

(१०) एक स्कूल में खेल की निधि का आधा भाग फुटबाल हाकी तथा बैडमिण्टन के सामानों को क्रय करने में व्यय कर दिया गया। शेष भाग को क्रिकेट तथा बालीबाल के सामान को क्रय करने में ५ : २ के अनुपात में व्यय करना तय किया गया। यदि बालीबाल के सामान को क्रय करने में रु० ७१·५० मिला हो तो विद्यालय में खेल की विधि बताओ।

(११) एक व्यक्ति ने बैंक में जमा अपने धन के उत्तराधिकार में यह निश्चित किया कि धन का $\frac{३}{८}$ भाग उसकी स्त्री को मिले और शेष का $\frac{१}{२}$ उसके पुत्र को फिर जो शेष बचे वह दो कन्याओं में बराबर-बराबर बाट दिया जाय तो उसकी प्रत्येक कन्या को पूरे धन का कौन सा भाग मिला ?

(१२) एक विद्यालय से जूनियर हाईस्कूल परीक्षा में जितने परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले थे उनके $\frac{१}{८}$ परीक्षार्थी परीक्षा में नहीं बैठे। बैठने वाले परीक्षार्थियों के $\frac{१}{७}$ अंकगणित में, $\frac{१}{१०}$ हिन्दी में, $\frac{१}{६}$ सामाजिक विषय में और $\frac{१}{१८}$ अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हो गये। यदि कुल ६६० परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हों तो परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या कितनी थी।

(१३) $\frac{१}{२} + \frac{१}{५} \times \frac{२}{३}$

(१४) $\frac{२}{३} + \frac{३}{४} \times \frac{८}{९} - \frac{१}{२}$

(१५) $\frac{३}{४} + \frac{२}{३}$ का $\frac{५}{८} \div \frac{५}{६} - \frac{१}{८}$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१६) $१\frac{१}{२}+\frac{१}{७}\times १०\frac{१}{२}-२\frac{१}{३}\div १\frac{३}{४}$ का $१\frac{१}{३}$

(१७) $१\frac{१}{७}\times १\frac{३}{४}\div ८+\frac{२}{३}-\frac{३}{४}$

(१८) $\frac{३}{४}-\frac{१}{४}+\frac{२}{३}\times\frac{३}{२}\times\frac{४}{५}\div\frac{३}{५}$

(१९) $\frac{७}{८}+२\frac{५}{६}-३\frac{३}{११}\times\frac{११}{२४}$

(२०) $४\frac{१}{५}\times५\frac{१}{४}$ का $\frac{१}{२}\div\frac{१}{४}$

(२१) $११\frac{१}{४}\div३\frac{३}{५}\times२\frac{६}{७}+\frac{१}{५}$

(२२) $\frac{२}{३}+\frac{४}{५}\div\frac{५}{७}$ का $२\frac{१३}{२५}$

(२३) $\frac{१}{३}-\frac{१}{२}+\frac{४}{५}\times\frac{३}{४}\div\frac{३}{८}$

(२४) $·२+१·३-·४\times१·५$

(२५) $१·४-२·७+३·८\div·२$

(२६) २४ × १५·२ का $·४\div४$

(२७) $·३\times·४-२·४\div६+१·२\times४$

(२८) ४२ × ५ २५ का $५\div१·५$

(२९) $९६\div१२+·३२\times१०-१·१$

(३०) $३-[३-\{३-(३-३-३)\}]$

(३१) $१-[·८-\{·४-(·२-·३)\}]$

(३२) $२-[३·७-\{२·९-(२·-३·७)-·४\}]$

(३३) $४-[२·६-\{३·८-(१·३-२·५)-१·२·\}]$

(३४) $.१-[०·३-\{०·५-(०·२-०·७)-०·१\}]$

(३५) $०·८\{०·७५\div(१-३५-०·६)\}-०·८$

(३६) $८[७-\{३+(५-६+७)\}]$

(३७) $४\frac{१}{७}-\left\{२\frac{२}{५}\div\left(१\frac{३}{५}-\frac{२}{३}\right)\right\}$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(३८) $5\frac{1}{2}+\left[7\frac{1}{2}-\left\{2+\left(5-6\frac{1}{2}+4\frac{1}{2}\right)\right\}\right]$

(३९) $\left(3\frac{1}{3}\div\frac{5}{6}\right)-\left(2\frac{2}{3}-1\frac{3}{4}\right)$

(४०) $2-[2-\{2(2-1)\}]$

(४१) $5\frac{1}{2}-\left\{\frac{2}{5}\text{ का }\frac{5}{6}+(7\div1\frac{3}{4})\right\}$

(४२) $4\frac{7}{8}-\left[3\frac{1}{2}+\left\{8\frac{17}{24}-\left(1\frac{1}{3}+5\frac{1}{2}+1\frac{1}{8}\right)\right\}\right]$

(४३) $4-\left[2\frac{1}{2}-\left\{1\frac{1}{3}+\left(\frac{1}{6}+\frac{1}{4}-\frac{1}{12}\right)\right\}\right]$

(४४) $7\frac{1}{2}-\left[4\frac{1}{2}\left\{2\frac{1}{2}-\left(4\frac{1}{2}-3\frac{1}{2}-\frac{1}{2}\right)\right\}\right]$

(४५) $8+\left[5\frac{3}{4}-\left\{9\frac{1}{4}-\left(3\frac{1}{2}+1\frac{1}{4}-2\frac{3}{4}\right)+2\frac{1}{4}\right\}\right]$

(४६) $2-\left[6\div2\div\frac{1}{6}\times\frac{1}{2}+\left(3\frac{1}{2}-1\frac{1}{2}\right)\right\}\right]$

(४७) $1\frac{5}{6}+\left[4\frac{2}{3}-\left\{5\frac{1}{3}\left(5\frac{3}{4}\div23\right)\right\}\right]$

(४८) $12-\left[4\div2+\left\{3\div\frac{1}{2}\left(1-\frac{1}{3}\right)\right\}\right]$

(४९) $10+\left[5-\left\{4-2\left(3+\frac{1}{2}-\frac{1}{4}\right)\div5\frac{1}{5}\right\}\right]$

शून्यपरिकर्म

योगे खं क्षेपसमं, वर्गादौ खं, खभाजितो राशिः।
खहरः स्यात्, खगुणः खं, खगुणश्चिन्त्यं शेषविधौ॥ १॥
शून्ये गुणके जाते खं हारश्चेत् पुनस्तदा राशिः।
अविकृत एव ज्ञेयस्तथैव खेनोनितश्च युतः॥ २॥

अन्वय—खं योगे क्षेप समं, वर्गादौ खं, राशिः खभाजितो खहर, खगुणः राशि, शेषविधौ खगुणश्चिन्त्यः। शून्ये गुणके जाते सति खं हारः स्यात् तदा राशि. विकृत एव, तथैव खेन ऊनितः युतश्च राशिः अविकृत एव स्यात् भवति॥१२॥

१ ली.

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किसी संख्या को शून्य में जोड़ने पर संख्या उतनी ही रहती है शून्य के वर्ग आदि शून्य ही होते हैं। किसी संख्या को शून्य से विभाजित करने पर भागफल को "खहर" नाम से व्यवहृत किया जाता है। किसी राशि को शून्य से गुणा करने पर गुणनफल शून्य हो जाता है। शून्य से गुणा करने पर और शून्य से भाग देने पर का राशि अविकृत अर्थात् ज्यों की त्यों रहती है। किसी राशि में शून्य जोड़ने अथवा घटाने पर भी वह राशि अविकृत रहती हैं।

अत्रोपपत्तिः—शून्ये त्वङ्काभावोऽतः क्षेपस्य तेन सह योगे सति योगफलं क्षेपसमं समुचितमेव। एवं शून्यस्य वर्गादयोऽपि शून्यसमत्वं स्यादेव। धनात्मक भाज्य भाजकयोर्मध्ये यथा यथा भाजकमानमल्पं तथा तथा लब्धाधिक्यात् हरे परमाल्पे शून्यसमे सति लब्धेः परमाधिक्यात्—लब्धो राशिः "खहर" इति कथनं समुचितमेव।

अत्रोद्देशकः।

खं पञ्चयुग्भवति किं वद खस्य वर्गं ?
मूलं घनं घनपदं खगुणाश्च पञ्च।
खेनोद्धृता दश च कः खगुणो निजार्ध-
युक्तस्त्रिभिश्च गुणितः खहतस्त्रिषष्टिः॥ १॥

५ में शून्य को जोड़ने से क्या होगा ? शून्य के वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल क्या होंगे ?

५ को शून्य से गुणा करने पर और १० को शून्य से भाग देने पर क्या होगा वह कौन सी राशि है, जिसको शून्य से गुणाकर उसमें उसी का आधा $\left(\frac{१}{२}\right)$ जोड़ कर पुनः ३ से गुणाकर, शून्य से भाग देने पर ६३ होता है।

न्यास—० एतत् पंचयुतं जातं ५। खस्य वर्गः ०। मूलम् ०। घनः अपि घनमूलम् ०॥

न्यासः—५ एते खेन गुणिता जाताः ०।

न्यासः—१० एते स्वभक्ताः $\frac{१०}{०}$।

अज्ञातो राशिस्तस्य गुण्य ०। स्वार्धक्षेपः $\frac{१}{२}$। गुणः ३। हरः ०। दृश्यम्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ततो वक्ष्यमाणेन विलोमविधिना इष्टकर्मणा व लब्धराशिः १४। अस्य ग्रहगणिते महानुपयोगः ।

इति शून्यपरिकर्माष्टकम् ।

उदाहरण—(१) $०+५=५$। $०^{२}=०$। $\sqrt{०}=०$।

$०^{३}=०$। $\sqrt[३]{०}=०$। $५\times०=०$। $\frac{१०}{०}=$ अहर (अनन्त)

(२) प्रश्न में क्रमशः गुणक ०, योग $\frac{१}{३}$, गुणक ३ और भाजक ० हैं। राशि में क्रमशः इन क्रियाओं के अनन्तर संख्या ६३ है अतः अभीष्ट राशि के ज्ञान के निमित्त विलोम क्रिया करनी होगी। अतः निम्न प्रकार से उनका न्यास किया—

प्रश्न में	विलोम
गुणक = ०	भाजक = ०
स्वार्धक्षेप = $\frac{१}{३}$	ऋण $\frac{१}{३}$ (स्वांशधिकोने इत्यादि विधि से)
गुणक = ३	भाजक = ३
हर = ०	गुणा = ०

उपर्युक्त के आधार पर क्रिया – दृश्य ६३ को ० से गुणा कर ३ से भाग देने पर तथा उसमें उसी का $\frac{१}{३}$ घटाकर पुनः शून्य से भाग देने पर

$$(६३\times०\div३)=\frac{६३\times०}{३}=२१\times०$$

इसमें इसी का $\frac{१}{३}$ घटाने पर $२१\times०-\frac{२१\times०}{३}=२१\times०-७\times०$

$$=१४\times०$$

$$\therefore\frac{१४\times०}{०}=१४$$ अभीष्ट राशि हुई।

इसे बीजगणित से निम्न प्रकार से भी निकाला जा सकता है। मान लीजिए अभीष्ट राशि = अ है। अतः प्रश्नानुसार—

$$\frac{\left(अ\times०+\frac{अ}{२}\right)^{३}}{०}=६३$$

अथवा $$\left(\frac{२अ\times०+अ}{२}\right)^{३}=६३.$$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$$= \frac{३ अ \times ३}{२} = ६३ \quad , \quad \frac{९ अ}{२} = ६३$$

$$\text{अथवा } अ = \frac{\overset{७}{\cancel{६३}} \times २}{\cancel{९}} = १४ \text{ उत्तर}$$

इति शून्य परिकर्माष्टकम्

अथव्यस्त विधिः

छेदं गुणं गुणं छेदं वर्गं मूलं पदं कृतिम् ।
ऋणं स्वं स्वमृणं कुर्याद् दृश्ये राशिप्रसिद्धये ॥ १ ॥

अथ स्वांशाधिको ने तु लवाढ्योनो हरो हरः ।
अंशस्त्वविकृतस्तत्र विलोमे शेषमुक्तवत् ॥ २ ॥

अन्वयः—विलोमे दृश्ये राशौ छेदं गुणं, गुणं छेदं, वर्गं, मूलं पदं कृतिम्, ऋ स्व, स्वं ऋणं कुर्यात् राशि प्रसिद्धये । अथ स्वांशोधिकोने तु लवः आढ्यः हरो हरः कार्यः । तत्र अंशः अविकृतः एवं शेषः उक्तवत् कार्यम् । १२

विलोम प्रकार से राशि के ज्ञान के लिए दृश्य अङ्क में भाजक को गुणक, गु को भाजक, वर्ग को मूल, मूल को वर्ग, ऋण को धन एवं धन को ऋण करके क्रिया करने से अभीष्ट राशि का ज्ञान हो जाता है ।

जहाँ अपना अंश जोड़ा या घटाया जाय, वहाँ हर में अंश को जोड़ या घट हर कल्पना करनी चाहिए तथा अंश को यथावत् रखना चाहिए, इस प्रकार वि क्रिया करने से अभीष्ट राशि आ जाती है ।

अत्रोपपत्तिः—राशौ येन गुणितेन दृश्यसमं जायते, दृश्ये तेनैव भक्तेनो राशिर्भवेदिति व्यस्तविधेर्वासना सुस्पष्टा ।

यथा कल्प्यते राशिः = रा

$$\text{दृश्यः} = दृ = \frac{रा \times य}{स} \quad \therefore दृ\ स = रा \times य$$

$$\therefore रा = \frac{दृ\ स}{य}$$

अत उपपन्नं "छेदं गुणं गुणं छेदमित्यादिः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कल्प्यते राशिः = य, तदाऽऽलापवशेन दृश्यम् = दृ

$$= य \pm \frac{यल}{ब}$$

अथच $दृ = \frac{यब \pm यल}{ब}$ अथवा $दृ = \frac{य(ब \pm ल)}{ब}$

अथवा $दृब = य(ब \pm ल)$ अथवा $\frac{दृब}{ब \pm ल} = य$

अथवा $य = दृ + \frac{दृब}{ब \pm ल} - द$

$$= दृ + \frac{दृब \pm द_0(ब \pm ल)}{ब \pm ल}$$

अत उपपन्नम् "अथ स्वांशाधिकोने तु लवाढ्योनो हरो हर" इति ।

तथा च श्रीधरः

धनमपचयः क्षयो धनमथ, गुणकारो हरो, हरो गुणकः वर्गः पदं, पदं कृतिरिति विपरीतो विधिर्दृश्यः

अत्रोद्देशकः

यस्त्रिघ्नस्त्रिभिरन्वितः स्वचरणैर्भक्तस्ततः सप्तभिः
स्वत्र्यंशेन विवर्जितः स्वगुणितो हीनो द्विपञ्चाशता ।
तन्मूलेऽष्टयुते हृतेऽपि दशभिर्जातं वदेयं ब्रूहि तं राशिं
वेत्सि हि चञ्चलाक्षि ! विमलां बाले ! विलोमक्रियाम् ॥१॥

हे चञ्चलाक्षि बाले ! यदि तुम सुन्दर विलोम क्रिया को जानती हो, तो उस राशि को ३ से गुणाकर अपना त्रिगुणित चतुर्थांश $\frac{3}{4}$ जोड़कर, उसमें ७ का भाग देकर अपना $\frac{1}{3}$ घटाकर, उसको अपने से ही गुणित (वर्ग) कर पुनः उसमें ५२ घटाकर, उसका मूल लेकर उसमें ८ जोड़कर १० से भाग देने पर भागफल २ होता है ।

[न्यास :—गुणः ३ क्षेपः $\frac{3}{4}$, भाजकः ७, ऋणं $\frac{1}{3}$, वर्गः १ ऋणं ५२, मूलम् । क्षेपः ८, हरः १०, दृश्यम् २, यथोक्त करणेन जातो राशिः २८]

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रश्नानुसार न्यास	विलोम	राशिज्ञान के निमित्त दृश्य= को लेकर विलोम क्रिया करने
गुणक=३	भाजक=३	२×१०=२०
योग $=\frac{३}{४}$	ऋण $=\frac{३}{७}$	२० − ८ = १२
हर=७	गुणक=७	$१२^{२}$=१४४
ऋण $=\frac{१}{३}$	धन $=\frac{१}{२}$	१४४+५२=१९६
वर्ग	मूल	$\sqrt{१९६}$=१४
ऋण=५२	धन=५२	१४ + $\frac{१४}{२}$=२१
मूल	वर्ग	२१×७=१४७
धन=८	ऋण=८	१४७ − १४७ का $\frac{३}{७}$
		=१४७ − $\frac{४४१}{७}$
हर=१०	गुणक=१०	
	दृश्य=२	$=\frac{१०२९-४४१}{७}=\frac{५८८}{७}$
		=८
		८४ ÷ ३=२८ अभीष्ट राशि

बीजगणित क्रिया द्वारा

मान लिजिए राशि=य, तब प्रश्नानुसार

$$\sqrt{\frac{\left(\frac{३य+\frac{९य}{४}}{७}-\frac{३य+\frac{९य}{४}}{७}\text{का}\frac{१}{३}\right)^{२}-५२+८}{१०}}=२$$

या

$$\sqrt{\frac{\left(\frac{\frac{२१य}{४}}{७}-\frac{\frac{२१य}{४}}{७}\text{का}\frac{१}{३}\right)^{२}-५२+८}{१०}}=२$$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$$\sqrt{\frac{\left(\frac{२१य}{२८}-\frac{२१य}{२८}\times\frac{१}{३}\right)^{२}-५२+८}{१०}}=२$$

$$\sqrt{\frac{\left(\frac{६३य-२१य}{८४}\right)^{२}-५२+८}{१०}}=२$$

$$\sqrt{\frac{\left(\frac{४२य}{८४}\right)^{२}-५२+८}{१०}}=२$$

$$\sqrt{\frac{\left(\frac{य}{२}\right)^{२}-५२+८}{१०}}=२$$

$$\sqrt{\frac{\frac{य^{२}}{४}-५२+८}{१०}}=२$$

$$\sqrt{\frac{य^{२}}{४}-५२+८=२\times१०}$$

$$\sqrt{\frac{य^{२}}{४}-५२=२\times१०-८}$$

$$\sqrt{\frac{य^{२}}{४}-५२=२०-८=१२}$$

$$\frac{य^{२}}{४}-५२=१२^{२}=१४४$$

$$\frac{य^{२}}{४}=१४४+५२=१९६$$

$$य^{२}=१९६\times४=७८४$$

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

$\therefore \sqrt{य^२} = \sqrt{७८४}$

$\therefore$ य=२८ अभीष्ट राशि

अभ्यासार्थ प्रश्न—

(१) वह कौन सी राशि है जिसे $२\frac{१}{२}$ से गुणाकर, ३ से भाग देकर उसका व कर, उसमें ९ जोड़कर, योग का मूल लेकर उसमें १ घटाने से ४ होता है।

(२) वह कौन सी संख्या है; जिसमें ३ जोड़कर, उसे ४ से गुणाकर, गुणनफल ५ से भाग देने पर भागफल ७ होता है।

(३) वह संख्या बताओ, जिसे ४ से गुणाकर, उसमें ४ जोड़कर उसका मूल लेक उसमें १४ घटाकर २ से भाग देने पर ५ का वर्ग होता है।

(४) वह कौन सी राशि है, जिसमें २ जोड़कर, २ से गुणा कर उसका मूल लेक उसमें २ घटा कर, ४ जोड़कर उसमें ८ का भाग देने से चार होता है।

(५) वह संख्या बताओ, जिसमें ४ जोड़कर २ से भाग देकर उसमें अपना $\frac{१}{२}$ जो कर, २ से गुणा कर फिर उसमें ४ का भाग देने से ४ होता है।

इष्टकर्मणि करणसूत्रम्—

उद्देशकालापवदिष्टराशिः क्षुण्णो हृतोंऽशै रहितो युतो वा।
इष्टाहतं दृष्टमनेन भक्तं राशिर्भवेत् प्रोक्तमितीष्टकर्म ॥१॥

उद्देशकालापवद्, इष्टराशिः, क्षुण्णः, हृतः, अंशैः रहितः, युतो वा। अने इष्टाहतं, इष्टभक्तं (यल्लब्धं तत्तु) राशिर्भवेद्, इति इष्ट कर्म प्रोक्तम् ॥१॥

एक इष्ट संख्या कल्पित कर प्रश्न के अनुसार इष्ट संख्या में गुणा-भाग, योग-अ आदि क्रियाओं द्वारा जो संख्या प्राप्त हो उससे इष्ट गुणित दृश्य संख्या (दृ में भाग देने से अभीष्ट राशि होती है। इस विधि को इष्ट कर्म कहा गया है।

उपपत्ति :—अत्र कर्मणीष्टराशि प्रकल्प्य तत्रालापवद्यथोक्तं गुणनभजनादिकं कृ अन्ते यल्लिप्पन्नाङ्कमानं तदिष्टराशिभवं इष्टमानं भवितुमर्हति। ततः, अनेन मा मानेनेष्टराशिर्लभ्यते तदोद्दिष्टदृष्टमानेन क इत्युद्दिष्टराशिः समागमिष्यति। आ पस्य सदृशत्वाद्राश्योर्निष्पत्तिमानस्य दृष्टयोर्निष्पत्तिमानेन साम्यात् अर्थादिष्टदृष्ट

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

